● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 138, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 25 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



ट्रैफिक में फंसे सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 5



पंत ने शतक जड़कर लगाई रिकार्ड्स की झड़ी 6

## पीएम मोदी ने भारत को वैश्विक मंच पर दी नई पहचान : डॉ. यादव

### मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने न केवल आंतरिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी भारत की आवाज़ को निर्णायक और सम्मानजनक मान्यता मिली है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रतीक है कि भारत अब अपने नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और प्रतिष्ठा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने यह विश्वास दिलाया है कि हर भारतीय, चाहे वो कहीं भी हो, भारत सरकार उसकी ढाल बनकर खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को वाराणसी में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में सहभागिता कर संबोधित कर रहे




थे। बैठक में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित उक्त राज्यों के मुख्य सचिव, केंद्र सरकार एवं संबंधित राज्य के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत विकसित भारत 2047 के जिस मार्ग पर चल रहा है, उसमें राज्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नीति आयोग, मुख्यमंत्री परिषद् और क्षेत्रीय परिषद जैसे संस्थागत तंत्र ने इन्हें केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि समाधान का माध्यम बनाया है। हमें सिखाया गया है कि विचारधाराएँ अलग हो सकती हैं, लेकिन देश का भविष्य साझा है; दृष्टिकोण भिन्न हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य एक सशक्त, समावेशी और आत्मनिर्भर भारत होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह क्षेत्रीय परिषद केवल प्रशासनिक विचार-विमर्श का मंच नहीं, बल्कि सहकारी संघवाद की जीवंत अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हमेशा इस बात पर बल दिया है कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में है लेकिन उसकी गति, उसका विकास टीम इंडिया की भावना में निहित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की धरती काशी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक का आयोजन हो रहा है। हमारा सौभाग्य है कि हम भगवान श्रीराम, आराध्य श्रीकृष्ण की जन्मस्थली और भगवान शिव के प्रिय निवास स्थान उत्तर प्रदेश की पुण्यभूमि पर एकत्रित हुए हैं। भारत के फेडरल स्ट्रक्चर को केवल संवैधानिक प्रावधान नहीं बल्कि संवेदनशील नेतृत्व और संकल्प की शक्ति ही जीवंत बनाती है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में देखा गया है कि चाहे आपदा प्रबंधन हो, आंतरिक सुरक्षा या अधोसंरचना विकास, जब राज्य एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो भारत की गति दोगुनी हो जाती है।

## भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि कैसे भारत ने 22 मिनट में दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया ने हाल ही में ये भी देखा है कि भारत का सामर्थ्य क्या है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की कठोर नीति को दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। आज का भारत देशहित में जो भी सही है उसके हिसाब से कदम उठाता है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने



कहा, आज ये परिसर देश के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी बन रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक घटना, जिसने न सिर्फ हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि स्वतंत्रता के उद्देश्य को नए मायने दिए। 100 साल पहले श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी की वो मुलाकात आज भी उतनी की प्रेरक है, उतनी ही प्रासंगिक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 100 साल पहले वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए आज भी ऊर्जा के स्रोत की तरह है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं श्री नारायण गुरु को नमन करता हूं और महात्मा गांधी जी को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी है। जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं श्री नारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं। आप सभी जानते हैं कि समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग से मेरा क्या नाता है और इसलिए आज भी जब मैं समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग के लिए निर्णय लेता हूं तो मैं गुरु देव को जरूर याद करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, भारत की विशेषता है कि हमारा देश जब भी मुश्किलों के भंवर में फंसता है, तो कोई न कोई महान विभूति देश के किसी कोने में जन्म लेकर समाज को नई दिशा दिखाता है।

## देशभर में पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 शुरू

### जयशंकर ने ई-पासपोर्ट रोलआउट का भी किया एलान

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को 13वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर भारत और विदेश के पासपोर्ट अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी) के अगले चरण और देशव्यापी ई-पासपोर्ट सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 13वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर भारत और विदेश में सभी पासपोर्ट अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने लिखा, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मार्गदर्शन में आपके सराहनीय



प्रयास यात्रा को आसान बनाने, वैश्विक कार्यस्थल तक पहुंच को गहरा करने और नागरिकों को सशक्त बनाने में सहायक हैं। पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 और ई-पासपोर्ट की शुरुआत के साथ विदेश मंत्रालय हमारी पासपोर्ट सेवाओं की समयबद्धता, पारदर्शिता और पहुंच को पहले बेहतर बेहतर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है।

एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के स्तंभों के तहत पासपोर्ट सेवाओं में हुए बदलाव पर जोर दिया। उन्होंने इसे विकसित भारत के लक्ष्य को पाने का केंद्रीय जरिया बताया। उन्होंने कहा, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण शासन के तीन प्रमुख स्तंभ हैं, जो हमें विकसित भारत की ओर ले जाएंगे। ये सभी हमारे पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम में साफ तौर पर दिखाई देते हैं।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच राजनाथ का चीन दौरा

**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चीन में होने जा रहे शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में आतंकवाद पर बड़ा मुद्दा उठाने वाले हैं। भारत लंबे समय से पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक मंचों पर आक्रामक रुख अपना रहा है। अब चीन के किंगदाओ शहर में 26 जून से शुरू हो रहे दो दिवसीय एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में भी भारत इसी कड़ी में आतंकवाद के खिलाफ क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने की वकालत करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बैठक में साफ संदेश देंगे कि आतंकवाद और चरमपंथ के खिलाफ पूरे क्षेत्र को एकजुट होकर लगातार और ठोस प्रयास करने होंगे।

## मप्र विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से 8 अगस्त तक

### अधिसूचना जारी,अनुपूरक बजट पेश करेगी सरकार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने मानसून सत्र की अधिसूचना सूचना जारी कर दी है। यह सत्र 28 जुलाई से शुरू होगा, जो 8 अगस्त तक चलेगा। मानसून सत्र में राज्य सरकार विधेयकों के साथ पहला अनुपूरक बजट भी पेश करेगी, जिसे सदन की मंजूरी मिलना तय है। इसी को लेकर तीन दिन पहले मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के बीच मुलाकात हुई थी। दअरसल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तीन दिन पहले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से उनके बंगले पर मिलने पहुंचे थे। इस




दौरान दोनों के बीच मानसून सत्र को लेकर अंतिम चर्चा हुई। इसके बाद सत्र बुलाने के लिए राज्यपाल से मंजूरी ली गई। 12 दिन के मानसूत्र सत्र में 10 बैठकें होंगी दो दिन का अवकाश रहेगा।

विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही को पिछले साल ई विधान से जोड़ने का फैसला किया गया था। ऐसे में 28 जुलाई से होने वाले सत्र में ई विधान के चलते विधायकों को टैबलेट दिए जा सकते हैं। इसमें सदन सभी सभी जानकारी के साथ प्रश्नोत्तरी, प्रदेश सरकार का बजट, विभागीय प्रतिवेदन समेत अन्य जानकारी डिजिटल फार्मेट में उपलब्ध रहेगी। विधायकों को तकनीकी के आधुनिक सेवाओं से जोड़ने की प्रक्रिया में यह बड़ा कदम बताया जा रहा है। एनआईसी द्वारा इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष पिछले माह प्रजेंटेशन भी दिया जा चुका है। पिछले साल विधानसभा का मानसून सत्र एक जुलाई से शुरू हुआ था। इसके लिए 19 जुलाई तक का समय तय किया गया था।

## वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर राज्यपाल ने माल्यार्पण कर नमन किया

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दो मिनट का मौन धारण कर रानी दुर्गावती का पुण्य स्मरण किया। रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन राजभवन के स्वर्ण जयंती सभागार में किया गया था। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता, अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव, जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्य सचिव श्रीमती जमुना भिड़े एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## एअर इंडिया ने फिर शुरू की पश्चिम एशिया-यूरोप की उड़ानें

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एअर इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि वह इस क्षेत्र में अपनी उड़ानें धीरे-धीरे फिर से शुरू करेगी। पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं, इसलिए उड़ानों का संचालन चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। एअर इंडिया ने यह भी कहा कि आज से यूरोप के लिए और यूरोप से आने वाली उड़ानें भी दोबारा शुरू कर दी जाएंगी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, जैसे-जैसे पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं, एयर इंडिया आज से इस क्षेत्र में अपनी उड़ानें धीरे-धीरे शुरू करेगी। पश्चिम एशिया के लिए और वहां से आने वाली ज्यादातर उड़ानों का संचालन 25 जून से पूरी तरह से बहाल कर दिया जाएगा। यूरोप के लिए और यूरोप से आने वाली उड़ानें, जो पहले रद्द की गई थीं, उन्हें भी आज से धीरे-धीरे फिर से शुरू किया जा रहा है।

## कोई मुद्दा है तो हम मिलने को तैयार : ईसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2024 के महाराष्ट्र चुनावों में धांधली के उनके आरोपों पर औपचारिक रूप से पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि सभी चुनाव संसद की ओर से पारित कानूनों और नियमों के अनुसार सख्ती से कराए जाते हैं। चुनाव आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि पूरे चुनाव अभ्यास में हजारों लोगों को शामिल किया जाता है, जिसमें राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बूथ-स्तरीय एजेंट भी शामिल हैं। एक प्रमुख दैनिक में उनके लेख के जवाब में 12 जून को राहुल गांधी को ईमेल किए गए एक पत्र में चुनाव आयोग ने कहा कि पूरी चुनाव प्रक्रिया विधानसभा क्षेत्र स्तर पर विकेंद्रीकृत तरीके से आयोजित की जाती है। इसमें आयोग की ओर से नियुक्त 1,00,186 से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), 288 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), 139 सामान्य पर्यवेक्षक, 41 पुलिस पर्यवेक्षक, 71 व्यय पर्यवेक्षक और 288 रिटर्निंग अधिकारी (आरओएस) शामिल होते हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में कांग्रेस के 28,421 सहित राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों की ओर से 1,08,026 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए गए हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता से कहा गया, हमारा मानना है कि चुनाव संचालन से संबंधित कोई भी मुद्दा कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से सक्षम न्यायालय (उच्च न्यायालय) में दायर चुनाव याचिकाओं के माध्यम से पहले ही उठाया जा चुका होगा। चुनाव प्राधिकरण ने कहा, यदि आपके पास अभी भी कोई मुद्दा है, तो आप हमें लिख सकते हैं और आयोग सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि और समय पर आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए भी तैयार है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कथित अनियमितताओं का दावा करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि कुछ गड़बड़ियां नहीं थीं, बल्कि वोटों की चोरी थी। उन्होंने मशीन-पठनीय डिजिटल मतदाता सूची के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज को तुरंत जारी करने की मांग की।

## एनएसए डोभाल ने चीन के उपराष्ट्रपति से की मुलाकात



**बीजिंग।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने चीन के उप राष्ट्रपति हान झेंग के साथ मुलाकात की। यह मुलाकात बीजिंग में ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में हुई, जहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की सुरक्षा परिषद के सचिवों की 20वीं बैठक हो रही थी। चीन में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी कि डोभाल इस बैठक में शामिल अन्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ हान झेंग से मिलने पहुंचे थे।

एससीओ में डोभाल ने कहा, सीमापार आतंकवाद फैलाने वाले अपराधियों, साजिशकर्ताओं और उनका वित्तपोषण करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। बैठक में डोभाल ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों को भी छोड़ने का आह्वान किया।

## कांवड़ समितियों को डायरेक्ट मिलेगा 50 हजार से 10 लाख तक का फंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक ली। इस बैठक में एक बड़ा फैसला लिया गया है। अब कांवड़ समितियों को दिल्ली सरकार डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर करेगी। सरकार का एक-एक पैसा सीधा समितियों तक जाएगा। सीएम रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सचिवालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम एक और नई नीति लेकर आए हैं। कांवड़ यात्रा में हजारों शिवभक्त शामिल होते हैं। पहले सरकार टेंट, सर्विस के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किया करती थी, लेकिन भक्तों तक सुविधाएं नहीं पहुंचती थीं। कांवड़ समितियों ने बताया कि आखिरी वक्त तक टेंट नहीं लगता था।

## भागवत कथा सबके लिए है जब सुन सकते हैं तो सुना क्यों नहीं सकते : अखिलेश



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि कुछ वर्चस्ववादी लोग कथावाचन में अपना एकाधिकार बनाए रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इटावा में कथावाचक की पिटाई कांड इन्हीं प्रभुत्वशाली लोगों की वजह से ही हुआ है। अगर सभी लोग भागवत कथा सुन सकते हैं तो सुना क्यों नहीं सकते हैं? अगर सच्चे कृष्ण भक्तों को भागवत कथा कहने से रोका जाएगा तो कोई ये अपमान क्यों सहेगा? उन्होंने कहा कि प्रभुत्ववादी लोग ये घोषित करें कि पीडीए द्वारा दिया गया दान और चढ़ावा कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अखिलेश यादव मंगलवार को सपा मुख्यालय में कथावाचक की पिटाई मामले पर बोल रहे थे। बता दें कि इटावा में कथावाचक की जाति पूछने के बाद पिटाई, बाल काटने और महिला के पैर पर नाक रगड़वाने का वीडियो वायरल होने के बाद राजनीति तेज हो गई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार हृदयहीन और अलोकतांत्रिक है। अगर निष्पक्ष कार्रवाई करने लगे तो बहुत सी घटनाएं नहीं होंगी। अगर बाबा साहब के संविधान और प्रस्तावना के तहत ही फैसला लिया जाए तो गरीब और गांव में रहने वाले लोगों का और अल्पसंख्यकों का सम्मान होने लगे। भाजपा सरकार में पीडीए वर्ग के लोगों को न्याय से वंचित किया जा रहा है।

## ट्रंप का दावा-सीजफायर लागू, इस्राइल नहीं करेगा हमला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान-इस्राइल की तरफ से युद्धविराम का उल्लंघन किए जाने कुछ देर बाद फिर से जानकारी साझा की है। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा- इस्राइल ईरान पर हमला नहीं करेगा। सभी विमान पलटकर घर लौटेंगे और ईरान के प्रति दोस्ताना प्लेन वेव करेंगे। किसी को कोई नुकसान नहीं होगा, युद्धविराम लागू है! वहीं इसके कुछ देर बाद ही ट्रंप ने एक दूसरे पोस्ट में लिखा- ईरान कभी भी अपनी परमाणु सुविधाओं का पुनर्निर्माण नहीं करेगा!

वहीं इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पुष्टि की है कि वह ईरान में शासन परिवर्तन की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, क्योंकि अस्थायी



युद्ध विराम लागू हो गया है। वहीं इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करने के बाद ईरान के खिलाफ कठोर हमले को रोक दिया है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान और इस्राइल दोनों ने युद्धविराम के नियमों का उल्लंघन किया है। यह युद्धविराम मंगलवार तड़के से लागू होना था, लेकिन इसके कुछ ही समय बाद दोनों देशों की ओर से हमले हुए। ट्रंप ने इस्राइल को चेतावनी दी है कि वह अपने पायलटों को तुरंत घर बुलाए और बमबारी बंद करे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा- इस्राइल, बम मत गिराओ। अगर तुम ऐसा करते हो तो यह बड़ा उल्लंघन होगा। अपने पायलटों को तुरंत वापस बुलाओ!

ट्रंप ने नाटो सम्मेलन के लिए हेग रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा, उन्होंने (ईरान ने) युद्धविराम तोड़ा, लेकिन इस्राइल ने भी ऐसा किया। मैं इस्राइल से खुश नहीं हूं।

मंगलवार सुबह इस्राइल ने आरोप लगाया कि ईरान ने युद्धविराम लागू होने के बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागीं। ईरान की सेना ने इस बात से इनकार किया, लेकिन उत्तरी इस्राइल में विस्फोट और सायरन की आवाजें सुनाई दीं। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने दो ईरानी मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट कर दिया। यह संघर्ष 12 दिन पहले शुरू हुआ था, जब इस्राइल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमला किया। इस्राइल का दावा है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है, जबकि ईरान कहता है कि उसका कार्यक्रम शांतिपूर्ण है। इस बीच अमेरिका ने भी हमलों में हिस्सा लिया और ईरान के परमाणु ठिकानों पर बंकर-बस्टर बम गिराए। सोमवार को ईरान ने कतर स्थित एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी हमला किया। इसके बाद ट्रंप ने युद्धविराम की घोषणा की, जिसे दोनों देशों ने स्वीकार किया था। लेकिन ताजा हमलों के बाद इस युद्धविराम पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं इस्राइल के वित्त मंत्री बेत्सालेल स्मोटरिच ने एक्स पर लिखा, तेहरान कांपेगा, जिससे यह साफ हो गया कि संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है।

# वार्ड वार कार्य योजना तैयार कर विकास कार्यो को समय पर पूर्ण कराये : रामनिवास

## नगरीय क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो की सिंगरौली विधायक ने की समीक्षा



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सभागार में सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह की अध्यक्षता एवं नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सृजन बर्मा के उपस्थित में नगरीय क्षेत्र में संचालित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा विधायक सिंगरौली एवं निगम अध्यक्ष का स्वागत करते हुयें नगरीय क्षेत्र में संचालित विकास कार्यो के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया।

बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा करते हुये विधायक श्री शाह ने निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र के वार्डो में निगम सहित एनसीएल, एनटीपीसी द्वारा किए जा रहे विकास कार्य की जानकारी उपलब्ध अलग अलग उपंब्ध कराये साथ ही वार्ड स्तर विकास कार्यो की कार्य योजना तैयार कर निर्धारित अवधि में सभी कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये। उन्होने नगरीय क्षेत्र मे निर्माणाधीन सड़को नलियों को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के साथ ही निर्देश दिए कि ऐसी सड़के, नालिया जिनका मरम्मत कराया जाना आवश्यक है उनको चिन्हित तत्काल उनकी मरम्मत कराये। साथ निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र के नाले नालियो की विशेष अभियान चलाकर साफ सफाई करो ताकि कही भी जल भराव की समस्या न होने पाये। विधायक श्री शाह ने नगरीय क्षेत्र में निर्माणाधीन संजीवनी क्लीनिको के निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण कर उनका लोकापर्ण कर स्वास्थ्य विभाग को सौपने के निर्देश दिए। विधायक ने आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र के ऐसे स्थल जहा पर बारिस के दौरान जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है उनको चिन्हित कर आवश्यक तैयारिया पूर्ण करे साथ ही ऐसे स्थल जो परियोजनाओ में स्थित है पत्रचार कर परियोजनओ को आवश्यक तैयारिया करने के लिए निर्देशित करे। उन्होने गनियारी प्लाजा का उच्च न्यायालय में लगे स्टे को जल्द जल्द हटवाने का भी निर्देश दिये। साथ निर्देश दिया गया कि माजन मार्केट में सब्जी मण्डी का संचालन न्यायालय के आदेश के बाद किया जाये। उन्होने कार्य पालन यंत्री को निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र में निर्माणाधीन कार्यो को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये बैठक में विधायक श्री शाह के द्वारा नगरीय क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था सहित शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि शहर की पेयजल व्यवस्था समुचित रूप से संचालित रहे साथ ही जिन स्थलो पर स्ट्रीट लाईटे खराब हो गई वहा पर तत्काल लाइटे चालू कराये जिससे की आम लोगो का आवागन सुगमता के साथ हो सके। इसके अलावा भी विधायक श्री शाह के द्वारा समीक्षा बैठक में निगम के अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री प्रदीप चड़ार, सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी, संतोष पाण्डेय , डीके सिंह आलोक टीरु, सहायक विधि अधिकार अक्षत उपाध्याय, उपयंत्री विपीन तिवारी, विशाल खत्री, पीके सिंह, , अनुज सिंह उपस्थित रहे।

# अदाणी समूह के कर्मचारियों ने किया 855 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान



**सिंगरौली।** अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज एवं अदाणी पावर के कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को कुल 855 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। बंधौरा स्थित महान एनर्जेन लिमिटेड के प्रोजेक्ट, ऑपरेशन्स एवं मैंटनेंस के कर्मचारियों ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला अस्पताल सीधी एवं वल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय, सतना के सहयोग से दो दिवसीय शिविर का आयोजन कर 750 यूनिट रक्तदान किया। जबकि सरई तहसील अन्तर्गत झलरी गांव स्थित एमएफए बिल्डिंग में डॉ राजेश चौधरी के नेतृत्व में अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, सिंगरौली के सहयोग से आयोजित शिविर में 105 यूनिट रक्तदान किया गया।

अदाणी समूह अपने चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिवस 24 जून को अदाणी दिवस के रूप में मनाता है। इस मौके पर हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन करता है। इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना है। गौरतलब है कि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, सिंगरौली की तरफ से अदाणी ग्रुप को विगत वर्ष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के जरिए जिले में सर्वाधिक 718 यूनिट रक्तदान का प्रशंसनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया था। गौरतलब है कि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, सिंगरौली की तरफ से अदाणी ग्रुप को विगत वर्ष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के जरिए जिले में सर्वाधिक 718 यूनिट रक्तदान का प्रशंसनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया था। इस साल अदाणी समूह के कर्मचारिओं ने पिछले साल से भी ज्यादा उत्साह के साथ स्वैच्छिक रक्तदान किया है। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, सिंगरौली के चेयरमैन एसडी सिंह, सचिव डॉ डीके मिश्रा और ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ आरडी द्विवेदी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर के दौरान मेडिकल टीम में कई डॉक्टर एवं कर्मचारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। सिंगरौली जिले में रक्तदान शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य इसको लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना है। कई लोग रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार के लाभ होते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्त का दान करते रहना चाहिए। रक्त के अभाव में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे व्यक्ति को समय रहते रक्तदान कर जान बचा ली जाए तो उससे बड़ा जीवन में पुण्य का कोई दूसरा कार्य नहीं हो सकता। इस कार्यक्रम के आयोजन के बाद संस्था के पदाधिकारियों ने समस्त रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई



**सिंगरौली।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिंगरौली में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पीएस परस्ते, थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार,थाना प्रभारी विंध्यनगर श्रीमती अर्चना दिवेदी, महिला थाना प्रभारी श्रीमती प्रियंका शर्मा सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों में वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।महिला फरियादियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग कराई गई। साथ ही, उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## ईव्हीएम व्हीव्हीपैट का त्रैमासिक निरीक्षण 26 जून को

**सिंगरौली।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीके सेन गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार ईव्हीएम व्हीव्हीपैट का त्रैमासिक निरीक्षण 26 जून दोपहर 12 बजे वेयरहाउस खोलकर किया जाना है। उन्होने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो से उपरोक्त निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में कृषि वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित




**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के अध्यक्षता मे कृषि विज्ञान केन्द्र देवरा में वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में कृषि वैज्ञानिक जय सिंह के द्वारा समिति के सदस्यो का स्वागत करते हुयें पूर्व बैठक के दौरान लिए गए निणर्य के पालन प्रतिवेदन के संबंध में अवगत कराया गया।

कलेक्टर श्री शुक्ला ने उपस्थित अधिकारियो को निर्देश दिए कि पूर्व बैठक के दौरान लिए गए निणर्यो का शत प्रतिशत पालन करे। तथा किसानो की आय को दोगुनी करने के लिए आधुनिक तकनीकी का प्रचार प्रसार कर किसानो को प्रेरित करे। साथ ही किसानो की समस्याओं का समय पर निराकरण करे। एवं उन्हे गुणवत्त युक्त प्रमाणित बीजो के संबंध में अवगत कराये। उन्होने कहा कि कृषि के साथ साथ उद्यानिकी फसलो को बढ़ावा देने के लिए किसानो को प्रेरित करे। ताकि कृषि लाभ का धंधा बन सके। बैठक के पश्चात कलेक्टर सहित उपस्थित अधिकारियो समिति के सदस्यो के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र देवसर के परिसर में एक पेड़ मॉं के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण भी किया गया। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर, उपसंचालक कृषि आशीष पाण्डेय, उपसंचालक उद्यानिकी एच.एल निमोरिया, कृषि वैज्ञानिक अखिलेश सिंह चौबे, कृषि विभाग के अधिकारी मनोज सिंह सहित समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

## जिले में 23 जून को 2.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**शहडोल।** अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 23 जून को जिले में कुल 2.3 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 2.0 मिमी., बुढ़ार में 3.0 मिमी., गोहपारू में 4.0 मि.मी., जैतपुर में 3.0 मिमी, चन्नौड़ी में 0.0 मिमी., ब्यौहारी में 6.0 मिमी, जयसिंहनगर में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून 2025 से अब तक वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 43.0 मिमी., बुढ़ार में 30.0 मिमी., गोहपारू में 58.0 मि.मी., जैतपुर में 110.0 मिमी, चन्नौड़ी में 144.0 मिमी., ब्यौहारी में 96.0 मिमी, जयसिंहनगर में 64.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## जन सुनवाई में ही कई आवेदनो का कलेक्टर ने कराया निराकरण



**सिंगरौली।** जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 160 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये।जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, तहसीलदार जान्हवी शुक्ला, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाल श्रम उन्मूलन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

**शहडोल।** महिला एवं बाल विकास तथा श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संभागीय मुख्यालय शहडोल में बाल श्रम उन्मूलन हेतु कार्याला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बाल संरक्षण, बाल अधिकारों नालसा बच्चों की मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना एवं नि:शुल्क विधिक सेवा योजना, बाल कल्याण समिति के कार्य प्रक्रिया एवं पॉस्को सपोर्ट पर्सन के उत्तर दायित्वों पर, बालश्रम अधिनियम की जानकारी, वन स्टॉप सेंटर के सेवाओं सहित अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारियों से अवगत कराया गया।

# आपातकाल के 50वें वर्ष होने पर गोष्ठी का होगा आयोजन

## सतना सांसद गणेश सिंह होंगें गोष्ठी के मुख्य वक्ता



**सिंगरौली।** 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्र पर आपातकाल लागू किया था। तत्कालीन जेपी आंदोलन को दबाने और अपनी सरकार को बचाने के लिए इंदिरा गांधी ने ऐसा तानाशाही कदम उठाया था और देश में इमरजेंसी थोपी थी। भारतीय जनता पार्टी इस दिन को काले दिवस के रूप मे मनाती है। इस बार 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने ज रहे हैं । भारतीय जनता पार्टी अखिल भारतीय स्तर पर इस को काले दिवस के रूप मे याद कर गोष्ठियों का आयोजन करने जा रही है। इसी क्रम मे भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली मे भी इस प्रकार की गोष्ठी का आयोजन हो रहा है। इस गोष्ठी का आयोजन दुधीचुआ के सूर्य किरण भवन मे होगा तथा इस गोष्ठी को संबोधित करने के लिये प्रदेश संगठन द्वारा सतना के सांसद गणेश सिंह को मुख्य वक्ता के रूप मे भेजा जा रहा है जो गोष्ठी को संबोधित करेंगे तथा आपातकाल के काले दिवस पर अपना व्याख्यान देंगे। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने समस्त प्रबुद्ध नागरिक एवं युवाओं को इस गोष्ठी मे सम्मिलित हो कर इतिहास के इस काले अध्याय की विभीषिका को जानने का आह्वान किया है।

# नेत्रहीन बेलन लाल यादव सुगम केन पाकर हुए खुश



**सिंगरौली**

कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला आए हुए आमजनों के आवेदनों को सुन रहे थे इसी दौरान नेत्रहीन बेलन लाल यादव पिता लालमनि यादव ग्राम गड़ईगांव तहसील सरई कलेक्टर के पास पहुंचा और अपना आवेदन देते हुए अनुरोध किया कि मुझे सुगम केन दिलाई जाए। कलेक्टर श्री शुक्ला ने नेत्रहीन के आवेदन को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए नेत्रहीन को चेयर पर बैठाया एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में ही नेत्रहीन को सुगम केन प्रदान किया जाए। जनसुनवाई में ही कलेक्टर ने अपने करकमलों द्वारा नेत्रहीन को सुगम केन प्रदान किया गया । सुगम केन प्राप्त करते ही नेत्रहीन द्वारा खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह स्मार्ट केन दैनिक दिनचर्या के लिए में सहारा बनेगी। तथा अब में अपने कार्यों को सुगमता पूर्वक कर सकूंगा। बेलन यादव ने सुगम केन मिलने पर जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कोल वाशरी के जहरीले रसायन का सौदागर बना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

## एनसीएल के सीएमडी और जिला प्रशासन के नुमाइदो को लोगों के स्वास्थ्य की नहीं है फिक्र, अब बढ़ रही मुसीबत



**सिंगरौली।** एनसीएल ब्लॉक बी परियोजना इलाके में संचालित महावीर कोल वाशरी की मनमानी करीब एक साल से अनवरत जारी है। कोल वाशरी से कोयला युक्त जहरीला रसायन लगातार लोगों के घरों के आसपास और खेतों में बहकर पहुंच रहा है। ऐसे में चर्चा है कि कहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सौदागर बन गया है, और कोल वाशरी से निकलने वाले जहरीले रसायन वाले पानी का सौंदा कर लिया है। शायद यही वजह है कि अधिकारियों को यह मनमानी नहीं दिख रही।

एनसीएल के खदानों के प्रदूषण की मार झेल रहे लोगों के लिए महावीर कोल वाशरी अब नई मुसीबत खड़ी कर दी है। कोल वाशरी को पर्यावरण मंजूरी इसी शर्त पर मिली थी कि क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण, और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए संचालन किया जाएगा। यहां सालाना सैकड़ो करोड़ रुपए के आसपास कारोबार हो रहा है। बावजूद इसके महावीर कोल वाशरी के कर्ताधर्ताओं नें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों और शर्तों को ताक पर रख मनमानी तरीके से काम कर रहे है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोग कई बार महावीर कोल वाशरी की शिकायत जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से की लेकिन समस्याओं से निजात आज तक नहीं मिल सका। सूत्रों का दावा है कि महावीर कोल वाशरी की पहुंच भोपाल और दिल्ली तक हैं। ऐसे में क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी और जिला प्रशासन के नुमाइंदे अपना कमीशन लेकर मौन धारण किए हुए हैं। प्रदूषण को लेकर एनसीएल सीएमडी भी कागजों में जीरो प्रतिशत पॉल्यूशन का दावा कर खुद की पीठ थपथपा आ रहे हैं।

### बिना स्प्रिंकलर के कोयलें की हो रही धुलाई

नियमानुसार कोल वाशरी में कोयला धुलाई के समय स्प्रिंकलर चालू रहना चाहिए ताकि कोयले की डस्ट वातावरण में ना फैलें। लेकिन पूरे इलाके के पेड़ पौधों, मकानों एवं कोल्ड डस्ट से पटी सड़कें देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियम एवं शर्तों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा। कोल वाशरी क्षेत्र में कोल डस्ट से वातावरण इस कदर प्रदूषित हो गया कि लोगों को सांस लेना मुश्किल हो रहा। सूत्रों का दावा है कि जिन अधिकारियों के जिम्मे नियम एवं शर्तों का पालन करने की जिम्मेदारी है वह कोल वाशरी संचालकों से हर महीने लाखों रुपए में सौदा कर लिए हैं। यही वजह है कि जिम्मेदारों को ना प्रदूषण दिखता है और ना ही कोल वाशरी से निकलने वाला जहरीला रसायन युक्त पानी।

# जिला अधिवक्ता संघ सीधी के अधिवक्ता मतदाता सूची का निर्माण का कार्यक्रम घोषित किया



**सीधी।** जिला अधिवक्ता संघ सीधी के पदाधिकारियो और कार्यकारिणी सदस्यो के द्विवर्षीय निर्वाचन वर्ष 2025-2027 के लिये मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य कार्यवाहक न्यायधिपति संजय सचदेवा एवं न्यायधिपति विनय सराफ द्वारा जिला अधिवक्ता संघ सीधी बनाम मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर तीन रिट पिटीशन क्रंमाक 13784/2025, 1914/2023 और 18312/2025 क्रमश: को एक साथ निराकृत करते हुये यह आदेशित किया कि जिला अधिवक्ता संघ के निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव न्यायालय पर्यवेक्षक श्री शैलेन्द्र वर्मा सदस्य राज्य अधिवक्ता परिषद की देखरेख मे सर्वोच्च न्यायालय के बार एशोशिएशन बनाम बीडी कौसिक के निर्णय अनुसार कराये जायेगे और केवल पात्र वास्तविक अधिवक्ता मतदाता जिन्हौने कट आफ डेट के पहले अपना मासिक शुल्क बकाया भुगतान कर दिया वह ही अपना मतदान के हकदार होगें। जिसके संबंध मे जिला अधिवक्ता संघ की पदाधिकारियो और कार्यकारिणीयो की बैठक दिनांक 24 जून 2025 को 2.00 बजे दिन से जिला अधिवक्ता संघ के पुस्तकालय भवन मे बृजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित की गई जिसमे निर्वाचन संबंधी निर्वाचन कराये जाने के लिये मतदाता सूची का प्रारभिंक प्रकाशन दिनांक 26 जून 2025 को होगा और दिनांक 27, 28, 29 जून 2025 समय 2.00 बजे दिन से 5.00 बजे शाम तक जिला अधिवक्ता संघ सीधी के पुस्तकालय आपत्तिदावा प्राप्त किये जायेगा और दिनांक 29 जून 2025 को ही आपत्तिदावा का निराकरण अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह और सचिव द्वारा किया जायेगा और उसी दिनांक को न्यायालय पर्यवेक्षक शैलेन्द्र वर्मा द्वारा अंतिम निराकरण किया जायेगा जिसके पश्चात मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 01 जुलाई 2025 को किया जायेगा। जिला अधिवक्ता संघ की बैठक मे बृजेन्द्र सिंह अध्यक्ष, धमेन्द्र पाण्डेय उपाध्यक्ष, विद्याकान्त मिश्रा सचिव, श्रीमती आंकाक्षा सिंह सहसचिव, विनोद शर्मा पुस्तकाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती सुजाता मिश्रा, श्रीमती स्नेहलता तिवारी, शिवराज सिंह पटेल, अर्जुन सिंह, घनश्याम सिंह चैहान, विशेष आमत्रित सदस्य ओ.पी.श्रीवास्तव, राजेन्द्र सिंह चैहान, रमा मिश्रा, जीतेन्द्र सिंह चैहान उपस्थित रहे।

# मिट्टी के पोषक तत्व और गुण बताता है मृदा स्वास्थ्य कार्ड

**सीधी।** भारत सरकार द्वारा स्वाइल हेल्थ कार्ड यानी मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत किसान सिंचित क्षेत्र में 2.5 एकड़ तथा अंसिचित क्षेत्र में 10 एकड़ क्षेत्र से मिट्टी का नमूना लेकर उसकी जाँच कराते हैं। यह जाँच कृषि विभाग द्वारा की जाती है। कृषि विभाग द्वारा मिट्टी के नमूने लिए जाने पर इसकी जाँच पूरी तरह से निरूशुल्क रहती है। यदि किसान स्वयं सेंपल लेकर जाता है तो मिट्टी के नमूने की जाँच के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति के किसान को तीन रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसान को पाँच रुपए प्रति नमूना शुल्क देना होता है। मिट्टी में माइक्रो न्यूट्रेंट की जाँच कराने के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों को 30 रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसानों को 40 रुपए शुल्क देना होता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसान को उसके खेती की मिट्टी के गुणों तथा पोषक तत्वों की जानकारी मिलती है। इस संबंध में उप संचालक कृषि ने बताया कि मिट्टी के पोषक तत्व के आधार पर किसान को उचित फसल की सलाह दी जाती है। मिट्टी में यदि पोषक तत्व की कमी है तो उसके अनुरूप उर्वरक के उपयोग का सुझाव दिया जाता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसान के खेत की मिट्टी का रिपोर्ट कार्ड है। इस कार्ड में किसान का नाम, सर्वे नम्बर, खेत का रकबा आदि लिखा रहता है। प्रत्येक तीन साल में मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दर्ज कराना आवश्यक है। हर किसान अपने प्रत्येक खेत की मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड अवश्य बनवाएं। इससे सही फसल के चयन, खाद के संतुलित उपयोग और जल प्रदूषण से बचाव में सहायता मिलती है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रत्येक किसान के लिए बहुत उपयोगी है।

## सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक 08 जुलाई को

**सीधी।** सांसद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सीधी डॉ राजेश मिश्रा की अध्यक्षता में दिनांक 08.07.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में दोपहर 02 बजे दिन से जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (जिला स्तरीय समिति दिशा) आयोजित की गयी है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि पर जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 248 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 248 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज, संयुक्त कलेक्टर श्री एस. पी. मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री धनंजय मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## डीएलसीसी की बैठक 26 जून को

**सीधी।** अग्रणी जिला प्रबंधक ने जानकारी देकर बताया कि कलेक्टर जिला सीधी की अध्यक्षता से दिनांक 26.06.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में शाम 5 बजे जिला स्तरीय समिति डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक का आयोजित किया जा रहा है। सभी बैंकों के जिला समन्वयकों एवं शासकीय विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों से अनुरोध है कि नियत स्थल एवं समय पर आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# उपमुख्यमंत्री आज सीधी में, पार्टी के विभिन्न आयोजन में होंगे शामिल



**सीधी।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान के मार्गदर्शन में आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय विचार संगोष्ठी एवं लोक तंत्र सेनानी सम्मान समारोह मे मुख्य बक्ता राजेन्द्र शुक्ला उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन, अनुभव कथन वक्ता मीसाबंदी यदुनाथ सिंह चौहान, लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, सीधी विधायक रीती पाठक, सिंहावल विधायक विश्वामित्र पाठक एवं धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम की गरिमामय उपस्थिति मे 25 जून को अपराह्न 1 बजे वैश्णवी गार्डन के विशाल सभागार में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान करेंगे।

कार्यक्रम मे पार्टी प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी और सभी श्रेणी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विशाल संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर आश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

**सीधी।** जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है। अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फण्ड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी। इसके स्थान पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मानीटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे। बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ित व्यक्ति तहसीलदार अथवा एसडीएम को निर्धारित प्रपत्र में सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता के बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल में उपचार कराने के बिल, घायल अथवा मृतक की पहचान तथा पता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके साथ-साथ पुलिस में दर्ज एफआईआर की प्रति, दावा करने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र, मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गंभीर चोट होने पर एमएलसी रिपोर्ट देना आवश्यक होगा। इसका आवेदन करने पर संबंधित जाँच दावा अधिकारी तहसीलदार अथवा एसडीएम 30 दिवस में अपनी जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर इस रिपोर्ट पर 15 दिवस में आवश्यक कार्यवाही कर पीड़ित को सहायता राशि का भुगतान कराएंगे तथा परिवहन आयुक्त को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

# जिला स्तर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न



**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकार जिला पंचायत अंशुमन राज की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला स्तर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को लेकर कार्यशाला संपन्न की गई। साथ ही विद्यालय शौचालय एवं परिसर की स्वच्छता के लिए विशेष निर्देश दिए गए। घरेलू, सामुदायिक, संस्थागत एवं सिटीजन फीडबैक स्तर पर निर्धारित मापदंडों के अनुसार स्वच्छता की स्थिति की निरंतरता को बनाए रखते हुए संचालन, संधारण व समुदाय प्रेरीकरण की गतिविधियों को फोकस करते हुए विभिन्न विभागों की एवं स्थानीय अधिकारी कर्मचारी सहित सभी की भूमिका एवं दायित्वों का निर्धारण करते हुए इसे सफल बनाने के निर्देश दिए गए। कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह,जिला परियोजना समन्वयक राजेश तिवारी, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक समस्त और एपीसी व सीएसी उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान-एक पहल

# कुओं के पुनर्भरण के लिए कुसमी जनपद द्वारा 200 प्रतिशत से भी अधिक की प्रगति दर्ज की गई



**सीधी।** प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत कुसमी में डग वेल रिचार्ज के द्वारा जलस्त्रोतों (कुंआ) के पुनर्भरण हेतु जिले से प्राप्त लक्ष्य 42 के विरुद्ध 103 डग वेल रिचार्च के कार्य कराए जा रहे है। उक्त संरचनाओं के निर्माण से पुराने जीर्ण-शीर्ण कुओं का पुनर्भरण किया जा रहा है जिससे सूखे पड़े कुएं भी रिचार्ज होने से उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। कुसमी जनपद द्वारा 200 प्रतिशत से भी अधिक की प्रगति अर्जित कर जिले में मिसाल पेश की गई है। इस कार्य को कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के निर्देशन में जनपद पंचायत कुसमी के सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अजय द्विवेदी के निरंतर प्रयासों के द्वारा ही लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त किया गया है। उक्त संरचनाओं के निर्माण में 26 हजार रुपए खर्च करके संरचनाएं बनाई गई है जिसमें लगभग 16 हजार रुपए मजदूरी में तथा लगभग 10 हजार रुपए सामग्री मद में खर्च किए गए है। डग वेल रिचार्ज से गांवों में सिंचाई एवं पीने के पानी जैसी समस्याएं हल हो रही है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों की पूर्ति के लिए ऑनलाइन भरे जाएंगे आवेंदन

**सीधी।** परियोजना अधिकारी बाल विकास परियोजना सीधी क्रमांक 2 ने जानकारी देकर बताया है कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल दिनांक 19.06.2025 द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के पूर्णत: अस्थाई एवं मानदेय आधारित मानसेवी रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र महिलाओं से परियोजनावार पदों की पूर्ति हेतु एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन पत्र दिनांक 20.06.2025 से दिनांक 04.07.2025 तक लिया जावेगा। आवेदन सुधार/संशोधन दिनांक 07.07.2025 तक किया जायेगा। उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत सरेठी के आंगनवाड़ी केन्द्र सरेठी खन्धोटोला मे एक कार्यकता पद के विरूद्ध आवेदन आंमत्रित किये जा रहे हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत छवारी के आगनवाड़ी केन्द्र छवारी 01 में, उडैसा के उडैसा क्रमांक 2 में, करवाही के करवाही क्रमांक 4 में, मौहरिया कला के मौहरिया कला 02 में, कोचिटा के कोल्हुआ में, सतनरा पवाई के सतनरा पवाई 03 में, सिरसी के सिरसी 04, कारीमाटी के कारीमाटी में, कठास के कठास 03 में, सेन्दुरा के सेन्दुरा मिनी में, खाम्ह के बहेराडोल में एवं सिरसी के सिरसी बैगान बस्ती की आंगनवाडी केन्द्र में सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति की जायेगी।

## मध्य प्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी भोपाल में ट्रायल के लिए 2 बॉक्सिंग खिलाड़ी चयन

**सीधी।** मध्य प्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग रीवा के तत्वाधान में 14 एवं 15 जून 2025 को बॉक्सिंग का ट्रायल रीवा के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रखा गया। जिसमें सीधी जिला बॉक्सिंग संघ सीधी की दो बॉक्सिंग खिलाड़ी गए और बॉक्सिंग टैलेंट सर्च में अपने वजन ग्रुप में फाइट करते हुए अपना दबदबा बनाया और विजय प्राप्त की और दोनों बॉक्सिंग खिलाड़ियों का चयन मध्य प्रदेश राज्य बॉक्सिंग एकेडमी भोपाल टीटी नगर स्टेडियम के लिए किया गया है जिसके दोनों बॉक्सिंग खिलाड़ी आज दिनांक 25 को सीधी से भोपाल के लिए सचिव कोच माखन मिश्रा व कोच पुनीता चौबे के नेतृत्व में रवाना हुए।

# डंडे से सिर पर प्रहार कर हत्या के चिन्हित मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**सीधी।** बताया गया किदिनांक 09.07.2022 को सुबह करीबन 10ः00 बजे स्थाहन नैकिन चौधरी टोला थाना रामपुर नैकिन में फरियादी शुभकरण साकेत पिता पर्वतदीन साकेत उम्र 45 वर्ष निवासी नैकिन चौधरी टोला की पुत्री प्रिंसू साकेत शासकीय हैण्डशपंप में पानी भरने के लिए गई थी, जहां अभियुक्तन मोले साकेत पहले से ही कपडे धो रहा था, वह प्रिंसू को देखकर उसे बुरी-बुरी गांलियां देते हुए लोटे से मारने दौडा, तब प्रिंसू ने हल्ला गोहार किया तो उसका पिता फरियादी शुभकरण दौडकर वहां आया और अभियुक्ता मोले साकेत को रोका, तो मोले साकेत ने फरियादी से लिपट कर उसे जमीन में पटक दिया और उसे लात घूसों से मारने लगा और बोला कि आज जान से ही मार देगा। तब मौके पर बाबूलाल कोल व महेश साकेत ने आकर बीच बचाव किया। इसके बाद अभियुक्तह अपने घर गया और घर से डंडा लेकर आया और फरियादी की पत्नीआ प्रेमवती को गांलियां देते हुए डंडे से मारने लगा। उसी समय शुभकरण की मॉ छोटी साकेत ने आकर उसे मारपीट करने से मना किया तो मोले साकेत ने जान से मारने की नीयत से छोटी साकेत के सिर पर डंडे से मारा जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा और वह जमीन पर गिर कर मृत हो गई। फरियादी की सूचना पर थाना रामपुर नैकिन में शून्यर पर मर्ग कायमी कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। प्रकरण को माननीय पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा जघन्यश एवं सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में चिन्हित कर विवेचना के निर्देश जारी किये गये। मामले में थाना रामपुर नैकिन में अपराध क्रमांक 559/2022 अंतर्गत धारा 294, 323, 506, 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्याायालय रामपुर नैकिन जिला सीधी में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन प्र.क्र. 20/2022में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए अपरलोक अभियोजक श्री आदित्यि प्रताप सिंह केद्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय द्वितीय अपर सत्र न्या याधीश श्रृंखला न्याायालय रामपुर नैकिन जिला सीधी की न्यापयालय के द्वारा अभियुक्त्मोले साकेत पिता गैवीनाथ साकेत उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम नैकिनचौधरी टोला थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी कोधारा 302 भादवि के आरोप में आजीवन कारावास एवं 500/- रू. अर्थदण्ड एवं धारा 323(2 काउंट) भादवि में 03-03 माह का कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया गया। प्रकरण में माननीय न्याअयालय के आदेश से साक्षियों को आहूत किये जाने हेतु संमंस/ वारंट जारी कर प्रकरण के निराकरण में कोर्ट मोहर्रिर आर. 566 श्री अजमेर सिंह द्वारा आवश्य क सहयोग प्रदान किया गया।

## निगमायुक्त द्वारा अवैध कॉलोनियों से संबंधित आपत्तियों की सुनवाई हेतु विशेष पहल

**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा वर्ष 2016 के पूर्व अस्तित्व में आई कॉलोनियों के संबंध में सार्वजनिक उपयोग हेतु भूमि न छोड़ने वाले कॉलोनाइजरों को जारी किए गए नोटिस के संदर्भ में प्राप्त दावे/आपत्तियों की सुनवाई स्वयं की जाएगी। साथ ही, नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत चिन्हित अन्य अवैध कॉलोनियों के संबंध में भी प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई आयुक्त स्वयं करेंगे। नागरिकों की सुविधा एवं निष्पक्ष निराकरण हेतु यह सुनवाई प्रत्येक मंगलवार को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक नगर निगम कार्यालय में की जाएगी। निगम आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक दावा प्रकरण का निराकरण मौके पर ही किया जाएगा जिससे किसी प्रकार विसंगतियां उत्पन्न न हो।

# विद्युत पेंशनर्स को नहीं मिल रहा समय पर महंगाई भत्ता

**सीधी।** विद्युत पेंशनर संघ हित रक्षक संघ सीधी के प्रांतीय उपाध्यक्ष भीमसेन सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि विद्युत पेंशनर्स साथियों सभी को ज्ञात है कि मध्य प्रदेश सरकार हमारे महंगाई भत्ता को केंद्र सरकार द्वारा घोषित किए गए महंगाई भत्ते को समय से नहीं दे रही है आप सभी को ज्ञात है मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल जब तक था जैसे ही केंद्र के द्वारा महंगाई भत्ता का आदेश होता था उसी के दूसरे या पहले दिन ही मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल महंगाई भत्ता का आदेश प्रसारित कर देती थी यह नियम आज भी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के यहां लागू है पर अपने मध्य प्रदेश में इस नियम को दरकिनार कर दिया गया है इसका मात्र एक ही कारण था की छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल में सभी संगठनों ने मिलकर पूरी छत्तीसगढ़ में आंदोलन किया था चाहे वह इंजीनियर वर्ग हो या तकनीकी वर्ग हो या फेडरेशन हो या जनता यूनियन हो सभी एक मत होकर आंदोलन किए थे इसी कारण बस आज पुराना नियम वहां लागू है इसका फायदा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को मिल रहा है परंतु हमारे मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल में अभियंता संघ जनता यूनियन फेडरेशन महासंघ तकनीकी यूनियन वाहन चालक यूनियन इतनी यूनियन थी सभी यूनियन अपनी अपनी डफली अपनी अपनी राज लेकर चल रहे थे उसी का परिणाम है कि महंगाई भत्ता मध्य प्रदेश सरकार जब अपने कर्मचारियों और पेंशनर्स को करती है तभी विद्युत वितरण कंपनियां अपने कर्मचारी और पेंशनर्स को आदेश प्रसारित करती कर्मचारियों एवं अधिकारियों को जिस दिनांक से आज सभी पेंशनरों को चाहे जिस किसी भी वर्ग के हो सबको एक होने की आवश्यकता है पेंशनर्स के द्वारा यह नहीं सोचा जा रहा है इसलिए निर्णय निश्चित है की आने वाले समय में आपके महंगाई भत्ता पर व्यवधान पैदा होने वाला है इसलिए सभी पेंशनर्स सचेत होकर एकमत के साथ अपने आने वाले भविष्य में अवरुद्ध होने वाले महंगाई भत्ता पर विचार करें अन्यथा वर्तमान सरकार ऐसी स्थिति पैदा कर देगी कि आपका पेंशन आपको प्राप्त होना असंभव बन जाएगा मेरा यह व्यक्तिगत मत है सभी पेंशनर्स परिवार एक होकर इसकी लड़ाई के लिए भविष्य के लिए तैयार रहे सजग रहे जिस जिले में जहां भी मीटिंग होती है हर मीटिंग में पहुंचने का कष्ट करें यह सभी को ज्ञात है कि इस वृद्धावस्था में पेंशनर घर से बाहर निकलना नहीं चाहता परंतु जब मजबूरी आ जाती है तो घर से बाहर निकलना ही पड़ता है सितंबर मैं आप लोगों की पेंशन 10 दिन बाद मिली थी तब सभी आप लोग अपने-अपने घर से बाहर निकल आए थे इसके कारण ही आपको पेंशन प्राप्त हुई थी ऐसी परिस्थित न होने दे मेरा सभी पेंशनर्स साथियों से अनुरोध है।

## संपादकीय

### अनियोजित विकास और अग्नि सुरक्षा में लापरवाही का भयावह परिणाम

दिल्ली अनियोजित विकास की एक ऐसी तस्वीर है, जहां हमें एक तरफ झुग्गियां दिखाई देती हैं, तो दूसरी ओर गगनचुंबी इमारतें। नतीजा यह कि यहां सघन बस्तियों से लेकर औद्योगिक क्षेत्रों में आग लगने से बड़े नुकसान का जोखिम हमेशा बना रहता है। भीषण गर्मी के दिनों में आग लगने की घटनाएं प्राय÷ सामने आती हैं। यहां आधुनिक कही जानी वाली कई मंजिलों वाली रिहायशी इमारतें बनाने की इजाजत तो दी गई, लेकिन वहां अग्नि सुरक्षा इंतजामों में जिस तरह की लापरवाही बरती गई, उसका खमियाजा अब उनमें रहने वाले नागरिकों को भुगतना पड़ता है।इन इमारतों में आग बुझाने के उपकरण जरूर लगाए गए, पर इसकी जांच-परख महीनों तक नहीं होती। द्वारका में मंगलवार को जिस बहुमंजिला इमारत में आग लगी, वहां अग्नि शमन के पुख्ता उपाय किए गए होते, तो एक पिता और उसकी बेटी तथा भतीजे की मौत न होती। दरअसल, आग की इस घटना के वक्त लपटों से बचने के लिए इन तीनों को जब कोई विकल्प नहीं सूझा तो वे बालकनी से नीचे कूद गए और उनकी जान चली गई।इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार है?

यह निराशाजनक है कि इमारतों में अग्निशमन के सामान्य उपकरणों को ही पर्याप्त मान कर अधिकारी अनापत्ति प्रमाणपत्र दे देते हैं। द्वारका की जिस इमारत में आग लगी, उसकी नीचे की मंजिलों पर लोग खिड़कियां तोड़ते और बालकनी से बचाने की गुहार लगाते देखे गए। इससे साबित होता है कि इमारत की सभी मंजिलों पर आग से बचाव के लिए कारगर उपाय नहीं किए गए थे।यह जानते हुए भी कि न केवल रिहायशी, बल्कि औद्योगिक इलाकों में हर वर्ष आग लगने की घटनाएं होती हैं, तो रोकथाम के उपाय पहले ही क्यों नहीं किए जाते? समय-समय पर जांच क्यों नहीं होती कि उपकरण काम कर भी रहे हैं या नहीं? बार-बार ऐसे हादसे न हों, इसके लिए अब जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

**हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा से त्रस्त दुनिया में क्या अब शांति एवं अमन की संभावनाओं पर विराम लग गया है? क्या शांतिपूर्ण नये विश्व की संरचना अब दिवास्वप्न है? रूस और यूक्रेन के लम्बे युद्ध के बाद इजराइल और ईरान का युद्ध विश्व के लिये महाविनाश की टंकार है। इस युद्ध के खतरे बढ़ते ही जा रहे हैं। अब तक के नौ दिनों के युद्ध में ईरान और इजरायल में सैकड़ों की मौत, हजारों घायल, अरबों का नुकसान, दुनिया में अनिश्चिंतता एवं भय का माहौल, तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई बढ़ने की आशंका ने समूची दुनिया को डरा रखा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को गंभीर नुकसान पहुंचा है, लेकिन नष्ट नहीं किया गया है। अमेरिका और इजराइल का मानना है कि ईरान ने परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर ली है और अगर अब उसे नहीं रोका गया, तो खतरा पूरी दुनिया को होगा।**

# ईरान - इजरायल के तीव्र होते युद्ध से बढ़ते खतरे

(ललित गर्ग)

ईरान और इजरायल के युद्ध के जटिलतर एवं घातक होते जाने के ही संकेत मिल रहे हैं। इजरायल चाहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो और अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत हो। हालांकि इस बात की गारंटी डोनाल्ड ट्रंप या नेतन्याहू में से कोई नहीं ले सकता कि खामेनेई को हटाने से समस्या का समाधान हो जाएगा।

हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा से त्रस्त दुनिया में क्या अब शांति एवं अमन की संभावनाओं पर विराम लग गया है? क्या शांतिपूर्ण नये विश्व की संरचना अब दिवास्वप्न है? रूस और यूक्रेन के लम्बे युद्ध के बाद इजराइल और ईरान का युद्ध विश्व के लिये महाविनाश की टंकार है। इस युद्ध के खतरे बढ़ते ही जा रहे हैं। अब तक के नौ दिनों के युद्ध में ईरान और इजरायल में सैकड़ों की मौत, हजारों घायल, अरबों का नुकसान, दुनिया में अनिश्चिंतता एवं भय का माहौल, तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई बढ़ने की आशंका ने समूची दुनिया को डरा रखा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को गंभीर नुकसान पहुंचा है, लेकिन नष्ट नहीं किया गया है। अमेरिका और इजराइल का मानना है कि ईरान ने परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर ली है और अगर अब उसे नहीं रोका गया, तो खतरा पूरी दुनिया को होगा। इजराइल इसी खतरे को मिटाने की बात कहकर ईरान पर तीव्र से तीव्रत्तर हमले कर रहा है और ईरान भी जबावी हमलों में इजरायल में तबाही मचा रखी है। युद्ध भले ही इन दो देशों के बीच हो रहा है, लेकिन उसका प्रभाव समूची दुनिया पर हो रहा है। इस संघर्ष को रोकना आवश्यक है, भले ही अमेरिका अभी तक मैदान में नहीं उतरा और यूरोप अपनी तरफ से कोशिश कर रहा है। इस युद्ध को रोकने के लिये बातचीत ही एकमात्र रास्ता है।

ईरान और इजरायल संघर्ष की वजह से दुनिया में अनिश्चिंतता एवं अस्थिरता के बादल मंडरा रहे हैं। विशेषतः तेल के दाम आसमान छूने लगे हैं। पिछले दिनों क्रूड ऑयल के दाम में एक ही दिन में पिछले तीन साल की सबसे बड़ी तेजी देखी गयी है। दोनों देश एक-दूसरे के ऊपर मिसाइलों से हमला कर रहे हैं, परमाणु युद्ध की आशंकाएं उग्र होती जा रही है। दोनों देशों के बीच फिलहाल इस युद्ध के रुकने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। तेल की बढ़ती कीमतों ने भारत समेत दुनियाभर के लिए संकट पैदा




कर दिया है। क्रूड ऑयल की ग्लोबल डिमांड का 2 प्रतिशत ईरान से आता है। यहां के खरग द्वीप से करीब 90 प्रतिशत तेल बाहर भेजा जाता है।

सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि क्रूड शिपमेंट में कमी आई है। पूर्ण युद्ध की स्थिति में ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है। इससे होकर दुनिया की 20 प्रतिशत नेचुरल गैस और एक तिहाई तेल ट्रांसपोर्ट होता है। यह रूट बाधित हुआ तो कच्चे तेल में 20 प्रतिशत तक उछाल आ सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के अनुसार इराक, सऊदी अरब, कुवैत और यूएई से आने वाला कच्चा तेल, जो होर्मुज से होकर गुजरता है, भारत के कुल कच्चे तेल के आयात का लगभग 45-50 प्रतिशत है। एक तथ्य यह भी है कि ईरान भी जानबूझकर तेल की कीमतों को आसमान छूने के लिए मजबूर करके ट्रम्प प्रशासन को अस्थिर करने की कोशिश कर सकता है और पश्चिमी देशों में मुद्रास्फीति बढ़ा सकता है।

ईरान और इजरायल के युद्ध के जटिलतर एवं घातक होते जाने के ही संकेत मिल रहे हैं। इजरायल चाहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो और अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत हो।

हालांकि इस बात की गारंटी डोनाल्ड ट्रंप या नेतन्याहू में से कोई नहीं ले सकता कि खामेनेई को हटाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। यह कैसे कहा जा सकता है कि नई सत्ता को परमाणु ताकत बनने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी, वह भी जब उसके पास अमेरिका और इजरायल के हिसाब से जरूरी साधन मौजूद हैं। इन हवाई हमलों से या जमीन पर सीधी लड़ाई लड़कर भले ही ईरान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को खत्म कर दिया जाये, लेकिन ईरान के उस तकनीकी ज्ञान को कैसे खत्म किया जा सकता है, जो ईरानी वैज्ञानिकों ने बरसों की मेहनत से हासिल की है। ऐसे में विदेशी दबाव में हुआ बदलाव ईरान को और ज्यादा कट्टरता की ओर ही ले जायेगा। ऐसे में अमेरिका या इजराइल के हमलों से ईरान में आमूल-चूल परिवर्तन होना संभव प्रतीत नहीं होता। हकीकत में यह काम ईरानी जनता पर छोड़ना चाहिए, बदलाव की मांग वहां से उठनी चाहिए। ईरान के लोग भी अपनी हुकूमत के खिलाफ है, भीतर-ही-भीतर आक्रोश है, इसे आंदोलन का रूप देकर ईरान में सत्ता परिवर्तन का माहौल बनाना चाहिए। यही ईरान के लिये बेहतरी का रास्ता है, क्योंकि परमाणु हथियार बनाने की जिद्द में बहुत सारे संसाधनों को बर्बाद कर दिया है। इराक, लीबिया, सीरिया- कई उदाहरण हैं, जहां पश्चिमी ताकतों ने अपने हिसाब से बदलाव लाने के प्रयास किये, लेकिन इनमें से कहीं भी नतीजा मन-मुताबिक एवं सफल-सार्थक नहीं रहा। ये देश आज भी अस्थिर हैं। तेहरान को लेकर कोई भी दुस्साहस ईरान को भी इन्हीं मुल्कों की श्रेणी में ला सकता है। ऐसी स्थितियों में कैसे बदलाव की आशा की जा सकती है?

अमेरिका हो या इजरायल, ईरान या दुनिया की अन्य महाशक्तियों उनकी तरफ से ऐसी कोई पहल होती हुई नहीं दिख रही है, जिससे लगे कि वे यह संघर्ष टालना चाहते हैं। इजराइल का कहना है कि वह ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता को खत्म करने के लक्ष्य को हासिल होने तक युद्ध नहीं रोकेगा, लेकिन क्या ऐसा संभव है? ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची का कहना है कि कोई भी बातचीत इजराइली हमले रुकने के बाद ही होगी। दोनों देशों की जिद्द एवं अकड से प्रतीत नहीं होता कि शांति एवं युद्ध विराम का रास्ता संभव है। ईरान निश्चित रूप से दोषी है, दुनिया में अशांति का बड़ा कारण भी है।

**हमें भूलना नहीं चाहिए कि अमेरिका ने पाकिस्तान को कभी भी दुश्मन नहीं समझा। पाकिस्तान वास्तव में अमेरिका के लिए सामरिक दृष्टि से काफी फायदेमंद रहा है। पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति का सामरिक फायदा अमेरिका दशकों से उठाता आया है। इसके अलावा, पाकिस्तान मुस्लिम देश होने के साथ ही एक कमजोर राष्ट्र है। वह भारत की तरह मजबूत या लोकतांत्रिक नहीं है। पाकिस्तान को उसका सैन्य प्रतिष्ठान चलाता है। जब आप सीधे पाकिस्तानी सेना को पकड़ते हैं, तो आपका मनचाहा काम ज्यादा आसानी से हो जाता है।**

# ट्रंप-मुनीर मुलाकात के गहरे मायने

(अश्विनी महापात्रा)

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पाकिस्तानी जनरल व फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात हुई है। व्हाइट हाउस में लंच पर हुई मुलाकात का मतलब गहराई से समझना चाहिए। ऐसा लग रहा है कि इजरायल-ईरान संघर्ष में अमेरिका कूदना चाहता है। जब वह संघर्ष में कूदेगा, तो उसे पाकिस्तानी एयर बेस की जरूरत पड़ेगी। ट्रंप-मुनीर मुलाकात की पहली और सामरिक वजह यही है।

दूसरी वजह रणनीतिक है। ईरान के खिलाफ जब अमेरिका उतरेगा, तो एक खतरा यह है कि मुस्लिम देश एकजुट हो जाएंगे। ऐसे में, पाकिस्तान को साथ रखने में अमेरिका का अपना हित है। दुनिया में यह संदेश जाएगा कि पूरी मुस्लिम दुनिया ईरान के साथ नहीं है। तीसरी वजह कूटनीतिक है। जब ईरान में शासन बदलेगा, वहां जो नया शासन आएगा, उसमें भी मुस्लिम देशों की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में, पाकिस्तान को साथ रखने में अमेरिका अपना फायदा देख रहा है।

हमें भूलना नहीं चाहिए कि अमेरिका ने पाकिस्तान को कभी भी दुश्मन नहीं समझा। पाकिस्तान वास्तव में अमेरिका के लिए सामरिक दृष्टि से काफी फायदेमंद रहा है। पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति का सामरिक फायदा अमेरिका दशकों से उठाता आया है। इसके अलावा, पाकिस्तान मुस्लिम देश होने के साथ ही एक कमजोर राष्ट्र है। वह भारत की तरह मजबूत या लोकतांत्रिक नहीं है। पाकिस्तान को उसका सैन्य प्रतिष्ठान चलाता है। जब आप सीधे पाकिस्तानी सेना को पकड़ते हैं, तो आपका मनचाहा काम ज्यादा आसानी से हो जाता है। पाकिस्तान में लोकतांत्रिक नेता न तो मजबूत होते हैं और न उनकी देश में कोई ज्यादा भूमिका होती है। पाकिस्तानी सेना को अमेरिका का साथ देने से फायदा भी होता आया है। उसे पैसा, सैन्य मदद भी मिलती है। मजहबी कट्टरता की बुनियाद पर पाकिस्तानी सेना आतंकियों को खड़ा करती है, पर जिस आतंकी से अमेरिका को समस्या होती है, उसे बहुत सहजता से अमेरिका के हवाले कर दिया



जाता है। यह साफ समझ लेना चाहिए कि भारत के मुकाबले पाकिस्तान से सौदेबाजी अमेरिका के लिए आसान है। अत÷ मुनीर-ट्रंप मुलाकात कतई चौंकाती नहीं है।

कल को जब ईरान में दखलंदाजी की वजह से अमेरिका विरोधी माहौल बनेगा, तब मुस्लिम देश पाकिस्तान ही उसके काम आएगा। ट्रंप इस काम के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को बुला सकते थे, पर वह जानते हैं कि असल में जनरल मुनीर ही अमेरिका के ज्यादा काम आएंगे। अभी आतंकवाद अमेरिका के लिए मसला नहीं है। अभी उसका एक लक्ष्य है, ईरान को परमाणु बम से लैस होने से रोकना। इजरायल बार-बार कह रहा है कि रोका न गया, तो ईरान जल्दी ही परमाणु बम बनाकर सबसे बड़ा खतरा बन जाएगा। यही वजह है कि इजरायल हमलावर हो गया है। इजरायल और अमेरिका, दोनों जानते हैं कि अभी सऊदी अरब से कतर और पाकिस्तान तक, हर मुस्लिम देश में इजरायल से नाराजगी है।

भले ही पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान परोक्ष रूप से अमेरिका की मदद कर रहा हो, पर आप पाकिस्तान के टीवी प्रसारणों पर नजर फेरिए, जहां लगातार इजरायल के खिलाफ जहर उगला जा रहा है। यह पाकिस्तान की बड़ी विडंबना है। पाकिस्तान में अमीर ही नहीं, गरीब भी इजरायल के खिलाफ हैं, पर यह देश इजरायल के खिलाफ नहीं जा पाएगा। अमेरिका हमेशा की तरह बहुत तरीके से पाकिस्तान का इस्तेमाल अपने हित में करेगा। वहां अमेरिकी विमान उतरेंगे, ठहरेंगे, ईंधन भरेंगे और हमले के लिए उड़ान भरेंगे। पाकिस्तानी फील्ड मार्शल को इसीलिए व्हाइट हाउस लंच पर बुलाया गया और वह अमेरिका की बात सहर्ष मान लेंगे।

मुनीर जानते हैं कि अभी मौका है, अगर अभी अमेरिका की मदद करेंगे, तो भारत पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका से गुहार लगा सकेंगे। भारत के साथ पाकिस्तान के अनेक मसले हैं, सबसे बड़ा मसला सिंधु जल का है। आने वाले दिनों में हम देखेंगे कि अमेरिका आगे बढ़कर भारत पर पाकिस्तान के मुताबिक बातचीत के लिए दबाव डालेगा। पाकिस्तान को तो भारत के खिलाफ अपनी बात रखने का मौका मिल गया। ऐसी स्थिति पहले भी अनेक बार बनी है।

## वर्ग पहेली 5772

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| | ■ | 12 | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | | 20 |
| ■ | 21 | 22 | | | ■ | ■ | |
| 23 | | | ■ | ■ | 24 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. थाईलेंड में रामायण का यह थाई वर्जन है जो इस नाम से जाना जाता है (4)
4. लावा का ठंडा होकर ठोस टुकड़ों में बदलने की क्रिया यह कहलाती है (3)
7. आक्रमण, चढ़ाई, वार करने की क्रिया या भाव (3)
8. स्थिति, दशा, अवस्था (3)
9. जल नित्तल, तलवा, निम्न भाग (2)
10. अज्ञान अधिकार, तमोगुण, भीष्म साहनी का एक चर्चित उपन्यास (3)
12. शास्त्रीय संगीत में पंचव स्वर (1)
13. मवेशी, ढोर, पशु (4)
15. उन्नति या वैभव के दिन, बढती का समय, अभ्युदय काल (2)
17. शरीर के संवेदी अंगों में से एक, नासिका (2)
18. रस्म, प्रथा, रिवाज, निमय (3)
19. इधर-उधर, कोने-कोन में (5)
21. नाना का पिता यह कहलाता है (4)
23. लिपिक, लिखने वाला, लेखक (3)
24. युवावस्था, तारूण्य (3)

**ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर यह शाहर मूलतः, इंदौर का निवासी है (6)
2. कोई गूढ़ बात, माजरा, मुकदमा (3)
3. दुर्ग, कोटा, फोर्ट (2)
4. राजा या देवता के बैठने का आसन (4)
5. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
6. कुछ लाल या सुर्खी लिए हुए (4)
11. मनोरंजन करना, आमोद-प्रमोद करना (5)
14. मौजूदगी, विद्यमानता (3)
16. रति के पति होने के कारण कामदेव का एक नाम, मदन, मनोज (4)
17. ध्वनि करना, बजाना, घनकना (3)
20. सितार की तरह का एक वाद्य (3)
22. प्रभु, परमेश्वर (2)

**वर्ग पहेली 5771 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | म्मू | क | श्मी | र | ■ | सं | ग |
| यं | ■ | म | ■ | सा | म | वे | द |
| त | स्वी | र | ■ | य | ■ | द | र |
| ■ | ड | ■ | अ | न | म | ना | ■ |
| अ | न | ब | न | ■ | है | ■ | सु |
| फ | ■ | ल | व | कु | श | ■ | न |
| सो | म | वा | र | ■ | ■ | मा | सा |
| स | ■ | न | त | ■ | पा | ल | न |

# साहस के पल

( सुनीत अवस्थी)

बहुत समय पहले की बात है , किसी गाँव में एक किसान रहता था. उस किसान की एक बहुत ही सुन्दर बेटी थी. दुर्भाग्यवश, गाँव के जमींदार से उसने बहुत सारा धन उधार लिया हुआ था. जमीनदार बूढा और कुरूप था. किसान की सुंदर बेटी को देखकर उसने सोचा क्यूँ न कर्जे के बदले किसान के सामने उसकी बेटी से विवाह का प्रस्ताव रखा जाये. जमींदार किसान के पास गया और उसने कहा - तुम अपनी बेटी का विवाह मेरे साथ कर दो, बदले में मैं तुम्हारा सारा कर्ज माफ़ कर दूंगा . जमींदार की बात सुन कर किसान और किसान की बेटी के होश उड़ गए.तब जमींदार ने कहा ङ्क चलो गाँव की पंचायत के पास चलते हैं और जो निर्णय वे लेंगे उसे हम दोनों को ही मानना होगा. वो सब मिल कर पंचायत के पास गए और उन्हें सब कह सुनाया. उनकी बात सुन कर पंचायत ने थोड़ा सोच विचार किया और कहा- ये मामला बड़ा उलझा हुआ है अतः हम इसका फैसला किस्मत पर छोड़ते हैं . जमींदार सामने पड़े सफ़ेद और काले रोड़ों के ढेर से एक काला और एक सफ़ेद रोड़ा उठाकर एक थैले में रख देगा, फिर लड़की बिना देखे उस थैले से एक रोड़ा उठाएगी, और उस आधार पर उस के पास तीन विकल्प होंगे ÷ 1. अगर वो काला रोड़ा उठाती है तो उसे जमींदार से शादी करनी पड़ेगी और उस के पिता का कर्ज माफ़ कर दिया जायेगा. 2. अगर वो सफ़ेद पत्थर उठाती है तो उसे जमींदार से शादी नहीं करनी पड़ेगी और उसके पिता का कर्फ़ भी माफ़ कर दिया जायेगा. 3. अगर लड़की पत्थर उठाने से मना करती है तो उसके पिता को जेल भेज दिया जायेगा। पंचायत के आदेशानुसार जमींदार झुका और उसने दो रोड़े उठा लिए . जब वो रोड़ा उठा रहा था तो तब तेज आँखों वाली किसान की बेटी ने देखा कि उस जमींदार ने दोनों काले रोड़े ही उठाये हैं और उन्हें थैले में डाल दिया है। लड़की इस स्थिति से घबराये बिना सोचने लगी कि वो क्या कर सकती है ,

उसे तीन रास्ते नज़र आये÷

1. वह रोड़ा उठाने से मना कर दे और अपने पिता को जेल जाने दे.

2. सबको बता दे कि जमींदार दोनों काले पत्थर उठा कर सबको धोखा दे रहा हैं.

3. वह चुप रह कर काला पत्थर उठा ले और अपने पिता को कर्ज से बचाने के लिए जमींदार से शादी करके अपना जीवन बलिदान कर दे।

उसे लगा कि दूसरा तरीका सही है, पर तभी उसे एक और भी अच्छा उपाय सूझा , उसने थैले में अपना हाथ डाला और एक रोड़ा अपने हाथ में ले लिया. और बिना रोड़े की तरफ देखे उसके हाथ से फिसलने का नाटक किया, उसका रोड़ा अब हज़ारों रोड़ों के ढेर में गिर चुका था और उनमे ही कहीं खो चुका था. लड़की ने कहा ङ्क हे भगवान ! मैं कितनी फूहड़ हूँ . लेकिन कोई बात नहीं .आप लोग थैले के अन्दर देख लीजिये कि कौन से रंग का रोड़ा बचा है , तब आपको पता चल जायेगा कि मैंने कौन सा उठाया था जो मेरे हाथ से गिर गया.

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन सामान्?य रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी भूमिका में बदलाव संभव है। यदि आप नौकरी में हैं तो नई जिम्मेदारियां या स्थानांतरण की संभावना बन रही है। व्यापार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, लेकिन आप अपनी योजना व सूझबूझ से माहौल नियंत्रित करेंगे।

### वृष

आज भाग्?य साथ दे रहा है। आर्थिक मामलों में आपको लाभ होगा। लेनदेन को लेकर परिवार के लोगों के साथ चल रहे झगड़े को सुलझाने के लिए अनुकूल दिन है। आर्थिक दृष्टि से दिन सकारात्मक है। किसी पुराने निवेश से अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है।

### तुला

आज योजनाएं सफल होंगी। विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए दिन लाभप्रद है। आर्थिक दृष्टि से कोई रुका हुआ भुगतान प्राप्त हो सकता है। यदि आप बिजनस कर रहे हैं तो सरकारी टेंडर या ऑर्डर मिलने के संकेत हैं। जीवनसाथी का आर्थिक सहयोग भी मिलेगा।

### वृश्चिक

आप कोई नया निवेश कर सकते हैं, विशेषकर कृषि या जमीन से संबंधित योजनाओं में। परंतु बड़े निर्णयों से पहले किसी विशेषज्ञ से राय अवश्य लें। ऑफिस में आप पर काम का बोझ अधिक रहेगा, लेकिन साथ ही आपकी कार्यकुशलता की भी प्रशंसा होगी।

### मिथुन

आज दिन भाग्?यशाली है। नौकरीपेशा लोगों को उच्च अधिकारियों से मान्यता मिल सकती है, साथ ही पदोन्नति की चर्चा भी प्रारंभ हो सकती है। किसी बहुमूल्य संपत्ति की प्राप्ति से आर्थिक स्थिति में स्थायित्व आएगा।

### कर्क

आज दिन शुभ है और आपके लिए धन आगमन के विशेष योग बने हैं। अचानक किसी बकाया राशि की प्राप्ति संभव है। व्यापार विस्तार की योजनाएं फलीभूत होंगी और नौकरीपेशा लोग नई जॉब ऑफर या प्रमोशन के करीब पहुंचेंगे।

### धनु

आज दिन करियर के मामले में लाभ से भरा होगा। घरेलू जरूरतों पर खर्च बढ़ेगा, लेकिन आय के स्रोत स्थिर रहेंगे। बिजनस पार्टनर या किसी पुराने सहयोगी से मतभेद हो सकता है, जो आगे चलकर समझौते में बदलेगा। सरकारी कामों में सफलता मिलने से राहत मिलेगी।

### मकर

आज भाग्?य साथ दे रहा है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और किसी पूर्व प्रयास का लाभ मिलेगा। प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे जातकों को पदोन्नति या वेतनवृद्धि की सूचना मिल सकती है। व्यापार में नया अनुबंध फायदेमंद सिद्ध होगा।

### सिंह

राजनीति या प्रशासन से जुड़े लोग विशेष लाभ में रहेंगे। कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा रहेगी, लेकिन आप आत्मविश्वास से आगे बढ़ेंगे। दिन शेयर बाजार व लॉटरी से लाभ के लिए उपयुक्त नहीं है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण नहीं रखा तो आर्थिक संतुलन बिगड़ सकता है।

### कन्या

आज धन लाभ होगा। व्यवसाय में आपके प्रयासों का प्रतिफल मिलेगा, लाभांश में वृद्धि होगी। घर-परिवार में कोई मांगलिक आयोजन आर्थिक रूप से थोड़ा तनाव दे सकता है लेकिन शुभता बनी रहेगी।

### कुंभ

आज दिन तरक्?की से भरा होगा। कोई कानूनी या संपत्ति से जुड़ा कार्य अचानक उभर सकता है, जिसमें खर्चा बढ़ेगा। पत्नी या परिवार के अन्य सदस्य के इलाज में अधिक खर्च हो सकता है, लेकिन वह जल्दी ठीक भी हो जाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी परख और दूरदर्शिता का लाभ मिलेगा।

### मीन

आज मन काफी सकारात्मक रहेगा। बिजनस में तेजी से हो रही प्रगति आपको आत्मविश्वास से भर देगी। आय के स्रोत बढ़ेंगे, विशेषकर यदि आप ऑनलाइन या कंसल्टेंसी से जुड़े हैं। विद्यार्थी वर्ग को करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के पटपड़गंज में लूट के मामले में चार गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज इलाके में चाकू की नोंक पर पेस्ट्री की दुकान के 53 वर्षीय मालिक को लूटने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना 20 जून को हुई जब नोएडा निवासी और पटपड़गंज में पेस्ट्री की दुकान के मालिक शिकायतकर्ता विनोद कुमार शर्मा को बंसल स्वीट्स के पास मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने रोक लिया। उन्होंने बताया कि लुटेरों ने चाकू की नोंक पर उन्हें धमकाया, उनके साथ मारपीट की और जबरन उनकी कार छीनकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान शाने आलम उर्फ माजिद (25), प्रिंस उर्फ सनी (18), हिमांशु (18) और तनुज (20) के रूप में हुई है। ये सभी पूर्वी दिल्ली के निवासी हैं।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति मुर्मू के भाषणों के संग्रह का विमोचन किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान दिए गए 51 भाषणों के संग्रह का सोमवार को विमोचन किया। सिंह ने इस मौके पर कहा कि यह ''विकसित भारत के दृष्टिकोण का कर्म ग्रंथ'' बनेगा। राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में सिंह ने अंग्रेजी में 'विंग्स टू आवर होप्स-वॉल्यूम-2' और हिंदी में 'आशाओं की उड़ान-खंड-2' नाम से प्रकाशित पुस्तक और इसके ई-संस्करण का विमोचन किया। राष्ट्रपति के भाषणों को राष्ट्रपति भवन ने संकलित और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने प्रकाशित किया है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन भी मौजूद थे। रक्षामंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''यह पुस्तक 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन बनेगी।'' सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया था कि 'विंग्स टू आवर होप्स-वॉल्यूम-2' राष्ट्रपति के 51 भाषणों का संग्रह है, जो महामहिम के कार्यकाल के दूसरे वर्ष (अगस्त 2023- जुलाई 2024) के दौरान उनके दृष्टिकोण, दर्शन और प्राथमिकताओं की झलक प्रदान करता है।

### पुलिस अब अपने मूल कर्तव्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेगी : दिल्ली की मुख्यमंत्री

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि पुलिस को व्यवसायों को लाइसेंस जारी करने की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिए जाने से अब पुलिस के पास अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे अपने मूल कर्तव्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अधिक समय होगा। उन्होंने कहा कि यह दिल्ली के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस बड़े सुधार से पुलिस अब अपनी ऊर्जा और संसाधनों को वास्तविक पुलिस व्यवस्था के लिए समर्पित कर सकेगी। गुप्ता ने घोषणा की कि होटल, मोटल, अतिथिगृह, रेस्तरां, स्विमिंग पूल, ऑडिटोरियम, डिस्कोथेक, वीडियो गेम पार्लर और मनोरंजन पार्क जैसे प्रतिष्ठानों को अब अपने संचालन के लिए दिल्ली पुलिस से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके बजाय, ऐसे लाइसेंस जारी करने का अधिकार अब स्थानीय निकायों जैसे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) या दिल्ली छावनी बोर्ड के पास होगा। गुप्ता ने कहा, यह दिल्ली के लोगों और व्यापारिक समुदाय की 40 वर्षों से लंबित मांग थी। करीब 25,000 प्रतिष्ठानों के काम में देरी हो रही थी और उनसे जुड़े करीब 10 से 20 लाख लोग इस बाधा के कारण परेशान थे। यह समस्या आज समाप्त हो रही है। उन्होंने दिल्ली सरकार के अनुरोध को स्वीकार करने के लिए केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया और कहा कि यह परिवर्तन केंद्र के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन दृष्टिकोण और व्यापार को सुगम बनाने की दिशा में उसके प्रयास के अनुरूप है।

### ट्रैफिक में फंसे सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, दौरा बीच में छोड़कर लौटना पड़ा

**पुणे, एजेंसी।** निरीक्षण के लिए दौरे पर निकले केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को अपना काम बीच में छोड़कर लौटना पड़ गया। खबर है कि सोमवार को पुणे में भारी ट्रैफिक के चलते उनके काफिले को यह फैसला लेना पड़ा। वह एक अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट के निरीक्षण के लिए रवाना हुए थे, लेकिन दौरा पूरा नहीं हो सका। खास बात है कि बीते एक सप्ताह से पुणे में भारी बारिश जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुणे में भारी ट्रैफिक के बाद गडकरी को अपना दौरा बीच में रोकना पड़ा। केंद्रीय मंत्री के ट्रैफिक में फंसने के कारण दौरा रद्द कर दिया गया। वह पुणे के पुराने शहर और खासतौर से शनिवार पेठ में ट्रैफिक स्थिति सुधारने के मकसद से बनाए जा रहे फोर लेन अंडरग्राउंड टनल प्रोजेक्ट का जायजा लेने जा रहे थे। कस्बा विधायक हेमंत रसाने के अनुरोध पर केंद्रीय मंत्री गडकरी का यह दौरा तय किया गया था। शनिवार पेठ में शनिवार वाड़ा के मुख्य द्वार तक वह गडकरी के साथ थे।

# जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ होगा ऐक्शन? 50 सांसदों ने की महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर की पुष्टि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ पिछले साल विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक कार्यक्रम में दिए गए विवादास्पद बयानों के कारण 54 राज्यसभा सांसदों द्वारा दायर महाभियोग प्रस्ताव अभी भी लंबित है। अब तक कम से कम 50 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर करने की पुष्टि की है, जो महाभियोग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए न्यूनतम आवश्यक संख्या है।



महाभियोग का यह नोटिस पिछले साल 13 दिसंबर को विपक्षी दलों के 54 सांसदों ने राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सौंपा था। हालांकि, राज्यसभा सचिवालय की ओर से मार्च और मई में भेजे गए ईमेल और फोन कॉल्स के जरिए हस्ताक्षर सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसमें अब तक 44 सांसदों ने अपने हस्ताक्षर की पुष्टि कर दी है। बाकी बचे 10 सांसदों में से छह ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि उन्होंने भी नोटिस पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस लिहाज से अभी तक कम से कम 50 सांसदों ने महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने की बात कबूली है।

**क्या बोला सचिवालय :** राज्यसभा सचिवालय ने इस पूरे नोटिस में 9 सांसदों के हस्ताक्षरों में रिकॉर्ड से मेल न खाने की बात कही थी, और एक सांसद सरफराज अहमद के हस्ताक्षर दो जगह होने की वजह से हस्ताक्षरों की दोबारा पुष्टि करने का निर्णय लिया गया। सचिवालय ने सांसदों को मार्च 7, 13 और मई 1 को ईमेल भेजे थे, जिसमें कहा गया था कि वे सभापति से मिलें और समाचार रिपोर्ट, कानूनी दस्तावेज, यूट्यूब लिंक आदि जो उन्होंने नोटिस के साथ संलग्न किए हैं, उनकी प्रमाणित प्रतियां साथ लाएं।

**न्यायमूर्ति शेखर यादव का विवादास्पद बयान :** 8 दिसंबर 2024 को प्रयागराज में वीएचपी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में यूनिफॉर्म सिविल कोड की संवैधानिक आवश्यकता पर बोलते हुए जस्टिस यादव ने विवादास्पद टिप्पणियां की थीं। उन्होंने कहा, मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि यह हिंदुस्तान है... और देश बहुसंख्यक लोगों की इच्छा के अनुसार चलेगा। इसके अलावा, उन्होंने कथित तौर पर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ कठमुल्ला जैसे आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने यूनिफॉर्म सिविल कोड का समर्थन करते हुए मुस्लिम समुदाय की आलोचना की और कहा कि अगर हमारी परंपराओं में सती, जौहर, कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराइयों को खत्म किया गया है, तो तीन शादी की प्रथा भी खत्म होनी चाहिए। इन बयानों को विपक्षी दलों और नागरिक समाज ने घृणा भाषण और संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन बताया।

**महाभियोग प्रस्ताव की प्रक्रिया :** 13 दिसंबर 2024 को, वरिष्ठ अधिवक्ता और स्वतंत्र राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल के नेतृत्व में 54 सांसदों ने राज्यसभा महासचिव पी.सी. मोदी को महाभियोग का नोटिस सौंपा। इस नोटिस में जस्टिस यादव पर घृणा भाषण और सांप्रदायिक वैमनस्य भड़काने का आरोप लगाया गया, जो भारतीय संविधान के धर्मनिरपेक्षता और निष्पक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है। नोटिस में कहा गया कि जज के बयान न्यायपालिका की निष्पक्षता और विश्वसनीयता को खतरे में डालते हैं। महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करने के लिए जजेस (इंक्वायरी) एक्ट, 1968 के तहत कम से कम 50 राज्यसभा सांसदों या 100 लोकसभा सांसदों के हस्ताक्षर आवश्यक हैं। हालांकि, नोटिस में 54 हस्ताक्षर होने के बावजूद, राज्यसभा सचिवालय ने हस्ताक्षरों की सत्यापन प्रक्रिया शुरू की, क्योंकि एक सांसद, सरफराज अहमद, के हस्ताक्षर दो जगह पर पाए गए, जिसके कारण सभी हस्ताक्षरों की जांच शुरू की गई।

**अब आगे की प्रक्रिया :** संविधान के अनुच्छेद 124(4) के तहत न्यायाधीश को हटाने के लिए महाभियोग की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने अब तक इस नोटिस को खारिज नहीं किया है क्योंकि 1968 वाले एक्ट में कोई तय समयसीमा नहीं है। उन्होंने फरवरी में सदन में कहा था कि यह विषय केवल राज्यसभा के सभापति, संसद और राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में आता है। 13 फरवरी 2025 को सदन में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि उन्हें जस्टिस यादव को हटाने के लिए 55 कथित हस्ताक्षर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस मामले का संवैधानिक दायित्व पूरी तरह से राज्यसभा सभापति, संसद, और अंततः राष्ट्रपति के पास है। धनखड़ ने कहा कि यदि हस्ताक्षरों की संख्या 50 से अधिक हो जाती है, तो वह उचित कार्रवाई करेंगे। जस्टिस यादव के बयानों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 10 दिसंबर 2024 को इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली से रिपोर्ट मांगी थी। 17 दिसंबर को, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस यादव को तलब किया और उन्हें अपने बयानों पर माफी मांगने की सलाह दी। हालांकि, जस्टिस यादव ने माफी मांगने से इनकार कर दिया और दावा किया कि उनके बयान सामाजिक मुद्दों को दर्शाते हैं।

## राजस्थान के डीग जिले में जमीन के नीचे मिला पुरखों का खजाना, सरस्वती नदी का राज भी खुल गया

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के डीग जिले में बहज गांव की मिट्टी ने अपने सीने में छिपा एक ऐसा खजाना उगला है, जो इतिहास की किताबों को फिर से लिखने का दम रखता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ताजा खुदाई में 23 मीटर की गहराई से एक प्राचीन नदी तंत्र यहां पेलियोचैनल का पता चला है। कई इतिहासकार इसे ऋग्वेद की पौराणिक सरस्वती नदी से जोड़कर देख रहे हैं। पिछले साल यानी 2024 में अप्रैल और मई में हुई इस खोज ने 3500 ईसा पूर्व से 1000 ईसा पूर्व तक फली-फूली बस्तियों के निशान उजागर किए हैं।

**सरस्वती का रहस्यमयी रास्ता :** टीओआई की में एक रिपोर्ट के अनुसार, एएसआई जयपुर के प्रमुख पुरातत्वविद विनय गुप्ता ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में इस खोज को साझा करते हुए कहा, यह प्राचीन जल प्रणाली उस सभ्यता की नींव थी, जो सरस्वती नदी के किनारे पनपी। यह पेलियोचैनल भारतीय पुरातत्व में अपनी तरह का पहला नमूना है, जो बताता है कि कैसे प्राचीन जल तंत्र ने मानव बस्तियों को जन्म दिया। मथुरा से करीब 50 किमी दूर बसे बहज गांव की यह खोज सरस्वती बेसिन की सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने वाली कड़ी बन गई है।

**खुदाई में मिली कई धातुएं :** खुदाई में मिट्टी के खंभों से बनी प्राचीन इमारतें, परतदार दीवारों वाली खंदकें, भट्टियां और लोहे-तांबे की बनी वस्तुएं मिली हैं। गुप्ता ने डीग में आयोजित एक प्रदर्शनी में बताया, यहां की भट्टियां और धातु की वस्तुएं बताती हैं कि उस दौर के लोग धातु विज्ञान में कितने माहिर थे। हड्डी से बने औजार, अर्ध-कीमती पत्थरों के मनके और शंख की चूड़ियां इस क्षेत्र की शिल्पकला की गाथा बयां करते हैं।

**यज्ञ, मूर्तियां और ब्राह्मी लिपि :** खुदाई में 15 यज्ञ कुंड, शक्ति पूजा के लिए बनाए गए पवित्र टैंक और शिव-पार्वती की टेराकोटा मूर्तियां मिलीं, जो 1000 ईसा पूर्व से भी पुरानी हैं। चार अधपकी मुहरें भी मिलीं, जिनमें से दो पर ब्राह्मी लिपि खुदा है। ये मुहरें भारतीय उपमहाद्वीप में ब्राह्मी लिपि के सबसे पुराने नमूने मानी जा रही हैं। इसके अलावा, महाजनपद काल के यज्ञ कुंडों में रेत भरी मिट्टी और छोटे बर्तनों में तांबे के सिक्के मिले, जो भारतीय मुद्रा की उत्पत्ति के इतिहास को नया मोड़ दे सकते हैं।

## जासूसी कांड में यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को राहत नहीं, जमानत याचिका खारिज; जेल में काटने होंगे दिन

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार की गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। हिसार न्यायालय ने वीडियो कॉनफ्रेंसिंग के जरिए ज्योति की पेश हुई, जिसमें उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अब इस मामले की सुनवाई आगामी सात जुलाई को होगी।

ज्योति के वकील ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह याचिका खारिज होने से निराश नहीं हुए हैं। अब वह सेशल कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल करेंगे। इसके अलावा भी वह अन्य कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। वकील कुमार मुकेश ने कहा, ज्योति पर जो धाराएं पुलिस ने लगाई हैं वह गलत हैं। इसके अलावा पुलिस की शुरुआती जांच में जो सबूत या तथ्य सामने आए हैं उसमें ज्योति पर लगे आरोप साबित नहीं हो रहे हैं।

कुमार ने कहा,पुलिस की जब चार्जशीट सामने आएगी उसके बाद ही पता चल सकेगा कि आखिर किस आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। गर बीएनएस की धारा 152 नहीं हटती है तो पुलिस 90 दिन में चार्जशीट पेश कर सकती है। अगर धारा हट जाती हैं तो बाकी धाराओं के हिसाब से 60 दिन में चार्जशीट पेश कर सकती है।

# योगी आदित्यनाथ सड़क पर नमाज का विरोध करते हैं, पर मुसलमानों ने कभी शिकायत नहीं की: अबु अजमी

**मुंबई, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष अबू आजमी ने रविवार को कहा कि मुसलमानों ने कभी भी 'वारी' को लेकर शिकायत नहीं की, जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे कुछ नेता सड़क पर नमाज अदा करने का विरोध करते हैं। राज्य के विभिन्न हिस्सों से भगवान विट्ठल के श्रद्धालुओं द्वारा पंढरपुर तक की पैदल शोभायात्रा को 'वारी' कहा जाता है। आजमी के बयान पर मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उनपर खबरों में आने की कोशिश करने का आरोप लगाया। वहीं, शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने दावा किया कि इस तरह की टिप्पणियों से मुस्लिम समुदाय के खिलाफ शिकायतें बढ़ती हैं। मुंबई के मानखुर्द-शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक आजमी ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं पुणे से आ रहा था और मुझे जल्दी निकलने को कहा गया क्योंकि पंढरपुर की ओर जाने वाली वारी के लिए सड़कें बंद कर दी जाएंगी। हमने (मुसलमानों ने) कभी इसकी शिकायत नहीं की। मुसलमान और हिंदू भाई की तरह कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं। लेकिन जानबूझकर विभाजन पैदा करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

सपा विधायक ने दावा किया कि नमाज के दौरान कभी-कभी मस्जिदें नमाजियों से भरी होती हैं, इसलिए मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर नमाज अदा करते हैं, जिसमें 5-10 मिनट का समय



लगता है, लेकिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का कहना है कि जो लोग ऐसा करेंगे, उनके पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुसलमानों ने कभी यह नहीं पूछा कि त्योहार सड़कों पर क्यों मनाए जाते हैं। फडणवीस ने सपा विधायक की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कहा, आजमी प्रचार पाने के वास्ते विवादास्पद टिप्पणी करने के लिए जाने जाते हैं। मैं इसे कोई तवज्जो नहीं देता।

ठाणे से लोकसभा सदस्य एवं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के सदस्य म्हस्के ने कहा, अबू आजमी जैसे नेताओं के कारण मुस्लिम समुदाय के खिलाफ शिकायत है। पंढरपुर वारी भारत में इस्लाम के आगमन से भी पुरानी है। यहां तक ??कि मुसलमान भी वारी में हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कहा कि वारी एक बहुत ही अनुशासित कार्यक्रम है, जिसमें शामिल होने वाले लोग सड़क के किनारे चलते हैं। पुणे और राज्य के अन्य हिस्सों से शोभायात्राएं छह जुलाई को सोलापुर जिले के पंढरपुर पहुंचेंगी, जो आषाढ़ी एकादशी का दिन है।

**महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा बनाने का फैसला रुका : मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार ने हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लाने का फैसला फिलहाल रोक दिया है। महाराष्ट्र में पहली से पांचवीं कक्षा के लिए हिंदी को तीसरी भाषा के तौर पर लागू किया जाना था। लेकिन सोमवार रात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के बाद इस पर रोक लग गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक अंतिम फैसले से पहले साहित्यिक दिग्गजों, विषय विशेषज्ञों और नेताओं से विचार-विमर्श किया जाएगा। माना जा रहा है कि स्थानीय निकाय चुनावों के निकट आने के चलते प्रदेश सरकार ने यह फैसला रोका है।

# 115 दिन में पतियों ने की 30 पत्नियों की हत्या, डरा रहे छत्तीसगढ़ के चौंकाने वाले आंकड़े

**रायपुर, एजेंसी।** देशभर में चर्चित इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड के बीच छत्तीसगढ़ से एक बेहद चौंकाने वाली भयावह खबर सामने आई है। यहां पिछले 115 दिनों में 30 महिलाओं की उनके पतियों द्वारा हत्या कर दी गई। अगर औसत के हिसाब से देखें तो करीब हर चार दिन में एक महिला हत्या की गई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, आंकड़े बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में पत्नियों की हत्या के 30 मामलों में से 10 से ज्यादा हत्याएं चरित्र पर शक या ईर्ष्या के कारण, 6 नशे की हालत में और दो सेक्स से इनकार करने के कारण हुई हैं। बाकी हत्या घरेलू हिंसा, दहेज विवाद या वैवाहिक तनाव के कारण हुई हैं।

धमतरी में एक युवा जोड़े की शादी को सिर्फ तीन महीने हुए थे। 7 जून को पति ने अपनी पत्नी के साथ प्यार का इजहार करते हुए एक फोटो पोस्ट की। तीन दिन बाद उसने दरांती से उसका गला रेत दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि आरोपी पति धनेश्वर पटेल ने अपनी पत्नी के चरित्र



पर शक के चलते उसकी हत्या करने की बात कबूल की है। इससे पहले 22 मार्च को बालोद में एक महिला टीचर की हत्या कर उसे सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई थी। पुलिस की गहन जांच से पता चला कि महिला के पति शीशपाल और उसके दोस्त ने उसकी हत्या करने के बाद इसे हादसे की शक्ल देने का नाटक किया था। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी योगेश पटेल ने कहा कि आरोपी के परिचित कयामुदीन ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि हत्या की योजना पहले से बनाई गई थी।

**लिंग के आधार पर अपराध की गंभीरता नहीं बदलनी चाहिए : डीएन शर्मा :** समाजशास्त्री प्रोफेसर डीएन शर्मा ने सोशल मीडिया में फैलाई जा रही लिंग संबंधी गलत धारणा की आलोचना की। शर्मा ने कहा कि यह चुनिंदा आक्रोश पितृसत्ता में निहित है। पुरुषों ने हजारों हत्याएं की हैं, लेकिन अगर कोई महिला ऐसा करती है, तो पूरी महिला समाज को कलंकित किया जाता है। हत्या तो हत्या है - लिंग के आधार पर गंभीरता नहीं बदलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ सनसनीखेज मामलों के आधार पर महिलाओं को ठप्पा लगाना हमारी गहरी पुरुष-प्रधान मानसिकता को दर्शाता है। पत्नियों को ट्रोल करना न केवल गलत है - यह खतरनाक भी है। शक, क्रोध और दबाव के बोझ तले दबे रिश्तों के बीच विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि समाज हिंसा को रोकने के बजाय उसे सामान्य बना रहा है। विशेषज्ञों ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आंकड़े मजाक की नहीं बल्कि बातचीत, समर्थन और सुरक्षा की जरूरत को दर्शाते हैं।

# शादी के बाद खत्म नहीं होती महिला की पर्सनल लाइफ, हाई कोर्ट ने किस मामले में खींची लकीर

**चेन्नई, एजेंसी।** मद्रास हाईकोर्ट ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा है कि शादी के बाद महिलाओं की पर्सनल लाइफ खत्म नहीं होती है और उन्हें पासपोर्ट बनवाने जैसे कामों के लिए पति की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा है कि महिला के पास अपने पति की इजाजत या साइन के बिना पासपोर्ट के लिए आवेदन करने का पूरा अधिकार है। जस्टिस एन आनंद वेंकटेश ने सुनवाई के दौरान कहा कि पासपोर्ट के लिए आवेदन करने के लिए भी पति की इजाजत लेने की जरूरत महिलाओं की आजादी में बाधा है और यह पितृसत्तात्मक समाज की निशानी है। कोर्ट जे रेवती नाम की एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। चेन्नई स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) ने महिला का पासपोर्ट आवेदन इस आधार पर स्थगित कर दिया गया था कि उसके पति ने आवेदन पत्र (फॉर्म-जे) पर हस्ताक्षर नहीं किए थे।

जानकारी के मुताबिक रेवती ने 2023 में मोहनकृष्णन नाम में एक शख्स से शादी की थी। दोनों के बीच हुए विवाद के बाद पति ने तलाक के लिए आवेदन किया था, जिस पर फैसला लंबित है। इस बीच रेवती ने अप्रैल में पासपोर्ट के लिए आवेदन किया, लेकिन पासपोर्ट कार्यालय ने पति के हस्ताक्षर के बिना उसके आवेदन को मंजूर करने से



इनकार कर दिया। इसके बाद महिला ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

**शादी के बाद भी होती है महिला की पहचान- कोर्ट :** कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा, शादी के बाद भी याचिकाकर्ता की अपनी पहचान है और पत्नी किसी भी रूप में पति की इजाजत या हस्ताक्षर के बिना पासपोर्ट के लिए आवेदन कर सकती है। पासपोर्ट के लिए आवेदन करने के लिए पति से इजाजत लेने की प्रथा ऐसे समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है, जो महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ रहा है। यह नियम पुरुष वर्चस्ववाद से कम नहीं है। कोर्ट ने पासपोर्ट अधिकारियों को महिला के आवेदन पर संज्ञान लेने और चार सप्ताह के भीतर पासपोर्ट जारी करने का निर्देश दिया है।

# किशनगंगा-रतले विवाद पर कार्यवाही रोक दो, विश्व बैंक से भारत की दो टूक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने के अपने फैसले के बाद विश्व बैंक से जम्मू-कश्मीर में किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं से संबंधित विवादों पर चल रही कार्यवाही को रोकने का अनुरोध किया है। विश्व बैंक ने इन दोनों जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़े विवाद को निपटाने के लिए तटस्थ विशेषज्ञ मिशेल लीनो को नियुक्त किया है।

**पाकिस्तान ने भारत के अनुरोध का किया विरोध :** इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांसीसी इंजीनियर मिशेल लीनो ने भारत के अनुरोध पर पाकिस्तान से प्रतिक्रिया मांगी है, जिसे इस्लामाबाद ने स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। पाकिस्तान इन विवादों पर कार्यवाही को आगे बढ़ाने के पक्ष में है। गौरतलब है कि लीनो को विश्व बैंक ने 13 अक्टूबर 2022 को सिंधु जल संधि के अनुच्छेद 9 और एनेक्सचर स्न के तहत नियुक्त किया था। उनकी भूमिका है कि वे दोनों देशों को सुनें और यह निर्धारित करें कि भारत की परियोजनाएं संधि के अनुरूप हैं या नहीं। विश्व बैंक के तटस्थ विशेषज्ञ मिशेल लिनो 2022 से किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं से संबंधित विवादों की सुनवाई कर रहे हैं। किशनगंगा परियोजना झेलम की सहायक नदी यानी किशनगंगा नदी पर स्थित है और यह 330 मेगावाट की



क्षमता वाली एक संचालित परियोजना है, जबकि रतले परियोजना, चिनाब नदी पर निर्माणाधीन है और यह 850 मेगावाट की क्षमता रखती है। पाकिस्तान का आरोप है कि भारत इन परियोजनाओं के डिजाइन के जरिए न्यूनतम जल प्रवाह जैसी संधि की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है। पाकिस्तान ने इन परियोजनाओं के डिजाइन, विशेष रूप से रतले के स्पिलवे की ऊंचाई और ड्रॉडाउन स्तरों को लेकर आपत्तियां दर्ज की हैं, जिसके कारण भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है। भारत ने पिछले साल जून 2024 में विश्व बैंक की मध्यस्थता में वियना में तीन उच्च-स्तरीय बैठकों, व्यापक डेटा और दस्तावेजों के आदान-प्रदान, और परियोजना स्थलों के दौरे के बाद तर्क दिया था कि किशनगंगा बांध का 7.55 मिलियन क्यूबिक मीटर का तालाब संधि के अनुच्छेद 8(सी) के तहत अधिकतम अनुमत सीमा के भीतर है। भारत ने निलंबित की संधि 22 अप्रैल को पाहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान से स्पष्ट मांग की थी कि जब तक वह सीमापार आतंकवाद के समर्थन को स्थायी रूप से बंद नहीं करता, तब तक आईडब्ल्यूटी को स्थगित रखा जाएगा। इसके बाद भारत ने 24 अप्रैल को पाकिस्तान को औपचारिक पत्र भेजकर अपनी स्थिति से अवगत कराया। पाकिस्तान ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर (7 मई से पहले) के पहले जवाब दिया था और मई में वार्ता का प्रस्ताव रखा था, लेकिन भारत ने अभी तक उस प्रस्ताव का कोई जवाब नहीं दिया है।

# इंटर मियामी और पाल्मेरास ने ड्रॉ खेला

**दोनों टीमें नॉकआउट के लिए क्वालीफाई**



**मियामी, एजेंसी।** इंटर मियामी और पाल्मेरास ने मंगलवार (आईएसटी) को 2-2 से ड्रॉ खेला और इसके साथ ही दोनों टीमें फीफा क्लब विश्व कप 2025 के राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई कर गईं। पाल्मेरास ने लियोनेल मेसी के लिए एक बेहतरीन जन्मदिन का तोहफा छीन लिया। इंटर मियामी ने ग्रुप ए के अंतिम मैच में 79 मिनट तक बढ़त बनाए रखी, इससे पहले ब्राजीलियाई टीम ने लगातार दो गोल करके ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया।

लुइस सुआरेज द्वारा मिडफील्ड में एक लंबी गेंद को आगे की ओर धकेलने के बाद हेरॉन्स ने बढ़त हासिल कर ली। युवा अर्जेंटीनाई खिलाड़ी पाल्मेरास के डिफेंडरों को चकमा देते हुए वेवर्टन को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया। सुआरेज ने दूसरे हाफ में समय को पीछे की ओर मोड़ दिया, कई डिफेंडरों को चकमा देते हुए गोल दागकर इंटर मियामी की बढ़त को दोगुना कर दिया। लेकिन मैच खत्म होने में दस मिनट बाकी थे, स्थानापन्न पॉलिन्हो और एलन ने मिलकर पेनल्टी एरिया में प्रवेश किया।

पॉलिन्हो ने पाल्मेरास के प्रशंसकों के सामने गोल दागा, जिससे अंतिम चरण में एक रोमांचक मोड़ आया। समय समाप्त होने के साथ ही पाल्मेरास ने बॉक्स में गेंद फेंकी, जिसे ठीक से क्लीयर नहीं किया गया और स्थानापन्न मौरिसियो के पास गिरी, जिन्होंने बॉक्स के किनारे से गोल दागा, जिससे यात्रा कर रहे प्रशंसक खुशी से झूम उठे। यह हमारे लिए एक शानदार मैच था, दक्षिण अमेरिका की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खेलना मुश्किल है।

शायद अंत में मैच हमारे हाथ में था, इसलिए यह अजीब लग रहा था, लेकिन टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले अगर कोई मुझसे कहता कि हम इस तरह की टीमों के खिलाफ इस तरह का प्रदर्शन करने जा रहे हैं, तो मैं इस पर हस्ताक्षर कर देता। इंटर मियामी के मुख्य कोच जेवियर मास्चेरानो ने कहा, यह एमएलएस के लिए एक ऐतिहासिक रात है क्योंकि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ 16 टीमों में शामिल हैं और सभी एमएलएस को इंटर मियामी पर गर्व होना चाहिए।

इंटर मियामी रविवार को अटलांटा में ग्रुप बी विजेता और यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन का सामना करेगा। पाल्मेरास शनिवार को फिलाडेल्फिया में साथी ब्राजीलियाई टीम और कॉनमेबोल कोपा लिबर्टाडोरेस चैंपियन बोटाफोगो से भिड़ेगा।

*इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट:*

# पंत ने दोनों पारियों में शतक जड़कर लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी



**लीड्स, एजेंसी।** भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट 2025 की दोनों पारियों में शतक जड़कर भारतीय क्रिकेट इतिहास में खास जगह बना ली है. पहली पारी में पंत ने शानदार 134 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में उनके बल्ले से 118 रन आए. यह कारनामा करने वाले पंत भारत के सातवें बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया है. उनसे पहले यह उपलब्धि विजय हज़ारे, सुनील गावस्कर (3 बार), राहुल द्रविड़ (2 बार), विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा ने हासिल की थी. हालांकि पंत ने इस सूची में एक खास रिकॉर्ड भी जोड़ा है. वह इंग्लैंड में टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं.


इतना ही नहीं, पंत एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दुनिया के केवल दूसरे नामित विकेटकीपर हैं. इससे पहले यह रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के नाम था, जिन्होंने 2001 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 142 और नाबाद 199 रन बनाए थे.

### किसी देश में टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय

| देश में | खिलाड़ी | साल |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | विजय हजारे | 1948 |
| वेस्टइंडीज | सुनील गावस्कर | 1971 |
| पाकिस्तान | सुनील गावस्कर | 1978 |
| भारत | सुनील गावस्कर | 1978 |
| न्यूजीलैंड | राहुल द्रविड़ | 1999 |
| इंग्लैंड | ऋषभ पंत | 2025 |

पंत की यह पारी न सिर्फ भारत को मैच में बनाए रखने के लिए अहम रही, बल्कि उनके करियर के लिहाज़ से भी मील का पत्थर साबित हुई. टीम की मुश्किल स्थिति में संयम और आक्रामकता का संतुलन दिखाते हुए, उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में से एक हैं.

## कमल चावला एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमल चावला और पारस गुप्ता ने एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। गत आईबीएसएफ चैंपियन कमल चावला ने अपने सभी ग्रुप मुकाबले जीतकर सोमवार को एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप सी मैच में भारत के दिग्गज खिलाड़ी चावला ने हांगकांग के मिंग वा मैन को 4-0 से हराया। चावला ने रविवार देर रात श्रीलंका के त्यागराजा थंजीवन को भी इसी अंतर से हराया था। बाद में राष्ट्रीय चैंपियन पारस गुप्ता ने भी अंतिम 16 में जगह बनाई। ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में गुप्ता ने कतर के मोहाना अल ओबैदली को 4-3 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय पुष्पेंद्र सिंह नॉकआउट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

## हॉकी प्लेयर गैरेट रो ने अचानक किया संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी अमेरिका और यूरोप हॉकी प्लेयर गैरेट रो ने 15 साल के सफल करियर को अलविदा कह दिया, उन्होंने आधिकारिक तौर पर पेशेवर हॉकी से संन्यास ले लिया है. वर्जीनिया के मूल निवासी 36 वर्षीय गैरेट ने 2024-25 में हर्षे बियर के साथ अपना अंतिम सीज़न पूरा किया, जिसमें 38 खेलों में 18 अंक बनाए और प्लेऑफ़ में दो असिस्ट जोड़े. गैरेट रो मूल रूप से लॉस एंजिल्स किंग्स द्वारा 2008 एनएचएल ड्राफ्ट के 7वें दौर में चुने गए थे. उन्होंने कभी एनएचएल में भाग नहीं लिया, लेकिन शीर्ष यूरोपीय लीग में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला. उत्तरी अमेरिका में, उन्होंने हर्षे बियर और एडिरोंडैक फैंटम्स दोनों के लिए खेला, लेकिन उनका नाम यूरोप में खेलकर बड़ा हुआ. रो ने अपने पेशेवर करियर का ज्यादातर समय ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्वीडन और स्विटजरलैंड में खेलते हुए विदेशों में बिताया. चाहे वह डीईएल, एसएचएल या नेशनल लीग में हो, रो को एक शानदार फॉरवर्ड खिलाड़ी के रूप में जाना जाता था, जो सभी स्थितियों में खेलने में सक्षम थे. आज से एक साल पहले, गैरेट रो ने 7 ओवरटाइम गोल के साथ हर्षे बियर पर अपनी छाप छोड़ी थी, अपने पूरे करियर के दौरान, रो ने खुद को बेहतरीन खेल कौशल के साथ एक भरोसेमंद दो-तरफ़ा फ़ॉरवर्ड के रूप में स्थापित किया.

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोषी का निधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोषी का 23 जून को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने उनके निधन की पुष्टि की है। दिलीप दोषी के नाम प्रथम श्रेणी में 898 विकेट दर्ज हैं। उन्होंने 43 बार पारी में पांच विकेट झटके हैं। लिस्ट-ए क्रिकेट में उन्होंने 75 शिकार किए। रणजी क्रिकेट में कई सालों तक बंगाल के अहम खिलाड़ी रहने के रहने के



अलावा दिलीप सौराष्ट्र का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 32 साल की उम्र में इंटरनेशनल करियर की शुरुआत करने वाले दिलीप दोषी ने भारत की ओर से 33 टेस्ट खेले, जिसमें 30.71 की औसत के साथ 114 विकेट अपने नाम किए। टेस्ट करियर में दिलीप दोषी के नाम छह बार पांच या उससे अधिक विकेट दर्ज हैं।

## मैथ्यूज का अर्धशतक, वेस्टइंडीज ने 12 साल बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीती टी20 सीरीज



**बारबाडोस, एजेंसी।** कप्तान हेली मैथ्यूज ने निर्णायक मैच में बेहतरीन व्यक्तिगत प्रदर्शन करके अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया जिससे वेस्टइंडीज ने केव हिल में तीसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 6 विकेट से हराकर 12 साल का सूखा खत्म करते हुए सीरीज जीती।

मैथ्यूज (50 गेंदों पर 65 रन) ने शानदार अर्धशतक बनाया और वेस्टइंडीज की रन चेज को गति दी जिसमें शेमेन कैम्पबेल (38 गेंदों पर 42 रन) ने बेहतरीन जोड़ीदार साबित हुए। इससे कैरेबियाई टीम ने 9 गेंद शेष रहते दक्षिण अफ्रीका के 147/6 के स्कोर को हासिल कर लिया। इसकी मदद से वेस्टइंडीज ने प्रोटियाज पर 2-1 से सीरीज जीत दर्ज की, जो 2013 की शुरुआत के बाद पहली बार था जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को द्विपक्षीय टी20 सीरीज में हराया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने मियाने स्मिथ के पहले टी20 अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 147 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लेकिन जवाब में मैथ्यूज ने शानदार खेल दिखाया और 9 चौके और एक छक्का लगाकर वेस्टइंडीज को जीत के करीब पहुंचा दिया। मैथ्यूज 16वें ओवर में 65 रन पर सुने लुस का शिकार बनीं, जिससे दक्षिण अफ्रीका को कुछ उम्मीद बंधी, लेकिन चिनेल हेनरी (नाबाद 20) ने अपना अनुभव दिखाते हुए मेजबान टीम को जीत दिलाई।

सीरीज हारने से निराश होने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने कहा कि वेस्टइंडीज दौरे से उनकी टीम को कई सकारात्मक चीजें सीखने को मिलीं।

उन्होंने कहा, आज के परिणाम से निराश हूं, खासकर इसलिए क्योंकि मुझे लगा कि हमने काफी रन बनाए हैं। लेकिन हमने अपनी गेंदबाजी लाइन सही नहीं की, उन्होंने विकेट के चौकोर हिस्से पर बहुत सारे रन बनाए और हमने कुछ छोटी-छोटी चीजें गलत कीं। लेकिन हेले ने इतना अच्छा खेला कि उसे आउट करना मुश्किल है। वोल्वार्ड्ट ने कहा, कुल मिलाकर इस दौरे में मुझे लगा कि हमने कुछ अच्छी युवा प्रतिभाएं खोज निकाली हैं, जिन्होंने अपना योगदान दिया और टीम के लिए अच्छा योगदान दिया।

## 25 जून जब किदांबी श्रीकांत ने किया उलटफेर, ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर सीरीज में जीता खिताब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 25 जून का दिन भारतीय बैडमिंटन जगत के इतिहास में सुनहरे दिनों के रूप में दर्ज है। यह वही दिन है, जब किदांबी श्रीकांत ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में उलटफेर करते हुए सुपर सीरीज जीती थी। साल 2017 को रविवार के दिन लोग टीवी के सामने बैठे थे। फैंस को उम्मीद थी कि उन्हें उस दिन किदांबी श्रीकांत से कुछ उलटफेर देखने को मिल सकता है, जिसने 18 जून को इंडोनेशिया ओपन का खिताब जीता था। श्रीकांत ने दूसरे दौर में उलटफेर करते हुए साउथ कोरिया के सोन वान हो को 15-21, 21-13, 21-13 से शिकस्त देकर अगले दौर में जगह बनाई।

इसके बाद हमवतन बी साई प्रणीत को 25,23, 21-17 से मात देकर श्रीकांत सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां उन्होंने चीन के शी युकी को 21-10, 21-14 से मात देकर लगातार तीसरी बार सुपर सीरीज के फाइनल में जगह बना ली। फाइनल 25 जून को खेला गया।

इस खिताबी मुकाबले में किदांबी श्रीकांत ने चीन के रियो ओलंपिक चैंपियन चेन लांग के खिलाफ 22-20, 21-16 से जीत दर्ज की। इसी के साथ श्रीकांत लगातार दो सुपर सीरीज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष शटलर बन गए। इस फाइनल मुकाबले से पहले श्रीकांत चीन के इस सुपरस्टार शटलर से पांच बार भिड़ चुके थे,लेकिन हर बार उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा था,

# कपिल देव ने की इन क्रिकेटरों की बेइज्जती? कहा- वो जानते हैं 30 कैमरे लगे हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनने का स्वाद चखाने वाले कप्तान कपिल देव ने आज के क्रिकेटरों की जमकर बेइज्जती की है. उन्होंने एक सवाल के जवाब में उनकी जमकर आलोचना की. हालांकि, सवाल कपिल देव से आज के दौर में उनके खेल के तरीके से जुड़ा था.

मगर उन्होंने जो कहा वो आज के दौर के क्रिकेटरों के लिए बेइज्जती से कम नहीं रहा. कपिल देव ने क्या कुछ कहा आज के क्रिकेटरों को लेकर आइए जानते हैं.

दरअसल, एक प्रोग्राम के दौरान कपिल देव से पूछा गया कि वो अगर आज के समय में क्रिकेट खेल रहे होते, तो क्या फर्क होता. उनका तरीका क्या होता? इस पर कपिल देव ने कहा कि तब के और आज के क्रिकेट जेनरेशन में वो एक ही फर्क देखते हैं और वो ये कि आज के क्रिकेट कमाल के एक्टर हैं. कपिल देव ने अपने इस बयान को उदाहरण देकर समझाया भी.

### 'पता है 30 कैमरे लगे हैं तो करते हैं दिखावा'

कपिल देव के मुताबिक आज के क्रिकेट गजब के एक्टर हैं. वो जानते हैं कि मैदान पर लगे 30 कैमरों का फोकस सीधा उन पर है. ऐसे में वो जो भी करेंगे वो रिकॉर्ड होगा. कपिल ने इसके पीछे का एक उदाहरण भी दिया. उन्होंने कहा कि हमने सीखा था कि आउट होने के बाद अपना हेड डाउन कर ड्रेसिंग रूम में बैठ जाओ. लेकिन आज के क्रिकेटर जब आउट होते हैं तो अपने बल्ले को जमीन पर पटकते दिखते हैं. सवाल है क्यों?

जब पता है कि आउट हो चुके हैं तो फिर बल्ला पटकने से क्या होगा?कपिल देव ने कहा कि आप आउट हुए क्योंकि आपने स्टुपिड शॉट खेला. अब उस पर वैसे रिएक्ट क्यों करना? कपिल देव की कप्तानी में भारत ने साल 1983 में वेस्टइंडीज के वर्चस्व को खत्म करते हुए वनडे का अपना पहला वर्ल्ड कप जीता था.




# RCB के स्टार प्लेयर ने थामा राजस्थान रॉयल्स की टीम का साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आमतौर पर भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों को विदेशी लीगों में बहुत कम खेलते हुए देखा जाता है. अब भारतीय महिला टीम की स्टार स्पिनर श्रेयंका पाटिल, कैरेबियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स की टीम बारबाडोस रॉयल्स के लिए खेलती हुई नजर आएंगी. श्रेयंका पिछले लगातार चोटों से जूझती रही हैं, इसलिए पिछले सीजन महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग में भाग नहीं ले पाई थीं. वहीं 2023 सीजन में उन्होंने गुयाना वॉरियर्स की टीम को फाइनल तक का सफर तय करने में मदद की थी. कैरेबियाई प्रीमियर लीग 2025 में श्रेयंका पाटिल बारबाडोस रॉयल्स के स्क्वाड में शामिल हुई चौथी विदेशी खिलाड़ी बनी हैं. चमारी अटापट्टू और हेली मैथ्यूज के रूप में 2 अन्य विदेशी खिलाड़ी बारबाडोस की टीम के लिए ओपनिंग करना जारी रखेंगी. बारबाडोस रॉयल्स की बॉलिंग यूनिट काफी हद तक पिछले सीजन के समान ही दिख रही है, लेकिन श्रेयंका पाटिल के आने से उसका गेंदबाजी लाइन-अप जरूर मजबूत हुआ है.

### लंबे समय बाद वापसी कर रहीं श्रेयंका पाटिल

भारत की स्टार स्पिन गेंदबाज श्रेयंका पाटिल ने डब्ल्यूपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ऐतिहासिक ट्रॉफी जीत में अहम योगदान दिया था. उस जीत के बाद वो टीम इंडिया के लिए बहुत कम मैच खेल पाई हैं और अब डब्ल्यूसीपीएल में वापसी कर मैदान पर अपनी छाप छोड़ना चाहेंगी. श्रेयंका पाटिल के अलावा शिखा पांडे और सलोनी डंगोरे वे दो भारतीय खिलाड़ी होंगी, जो महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग 2025 में खेल रही होंगी. पांडे और सलोनी, दोनों त्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेलेंगी. महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 6 सितंबर से होगी और टूर्नामेंट का समापन 17 सितंबर को होगा. श्रेयंका पाटिल, बारबाडोस रॉयल्स के लिए खेलने वाली हैं, जो पिछली दोनों बार से डब्ल्यूसीपीएल का खिताब जीतती आ रही है. बता दें कि बारबाडोस रॉयल्स की टीम अभी तक तीनों बार डब्ल्यूसीपीएल के फाइनल में पहुंची है.

# आयोग अध्यक्ष ने छात्रावास का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं, किया पौधरोपण

**पन्ना।** मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने मंगलवार को पन्ना प्रवास के दौरान इंद्रपुरी कॉलोनी स्थित शासकीय कन्या पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षिका से यहां निवासरत छात्राओं को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही छात्राओं से संवाद कर व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की। अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया ने छात्रावास में बेहतर साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा आवश्यक मरम्मत कार्य के संबंध में निर्देशित किया। कन्या छात्रावास को 50 से 100 सीटर के रूप में उन्नयन के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। अध्यक्ष ने छात्रावास के कक्षों सहित किचिन रूम, भोजन कक्ष, पेयजल व्यवस्था व परिसर की अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। छात्राओं से अध्ययन के संबंध में चर्चा कर विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर



निर्माण के बारे में पूछा तथा बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान छात्रावास में तैयार भोजन वितरण सहित कोचिंग व्यवस्था तथा नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच के लिए भी निर्देशित किया। छात्राओं को उचित खानपान और पोषण के लिए भी नसीहत दी। छात्राओं की समस्याएं सुनकर निराकरण का भरोसा दिया। अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया ने वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों के लिए संशोधित प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा। साथ ही जनप्रतिनिधियों से समय-समय पर छात्रावास के कार्यक्रमों में शामिल होने तथा व्यवस्थाओं के निरीक्षण की अपेक्षा की। छात्रावास परिसर में स्टॉफ और छात्राओं के साथ विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण भी किया।

अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया ने पुराना पन्ना स्थित शासकीय बालक छात्रावास के निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्रावास अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की बात कही। यहां कक्षों, शौचालय एवं परिसर में साफ-सफाई का व्यापक अभाव पाया गया। छात्रावास अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से भी व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के संबंध में दूरभाष पर चर्चा की। साथ ही जांच रिपोर्ट तैयार करने तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से आवश्यक कार्य का प्रस्ताव तैयार करने की निर्देश दिए। 100 सीटर बालक छात्रावास में निवासरत छात्रों द्वारा आयोग अध्यक्ष को सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरा लगवाने एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण सहित विभिन्न जायज मांगो की पूर्ति के संबंध में मांग पत्र भी सौंपा गया तथा छात्रावास की अन्य जरूरी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी ध्यान आकृष्ट कराया।

## गौशाला में किया गौ पूजन

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष बायपास रोड स्थित गौशाला पहुंचे। यहां गौवंश का पूजन कर हरा चारा खिलाया और गौशाला संचालक से उपलब्ध गौवंश एवं सुविधाओं की जानकारी ली। गौशाला परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज यादव सहित उदय मिश्रा, जिला संयोजक आर.के. सतनामी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति भी उपस्थित रहे।

### विदेशी तकनीक से संचालित डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगी में

# अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े गिरोह के 02 आरोपी मुम्बई से गिरफ्तार, 14 लाख की ठगी का मामला सुलझा

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री सांई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान तथा एसडीओपी पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पन्ना एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना की संयुक्त टीम द्वारा डिजिटल अरेस्ट के मामले में फरियादिया से 14 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाले 02 आरोपियों को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है।

मामले में फरियादिया अंशु शर्मा निवासी धाम मोहल्ला पन्ना द्वारा दिनांक 07/02/25 को थाना कोतवाली पन्ना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल कर उसे डिजिटल अरेस्ट की धमकी दी गई एवं कहा गया कि आपकी आईडी अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाई गई है। इस प्रकार मानसिक भय एवं भ्रम की स्थिति बनाकर अज्ञात आरोपियों द्वारा फरियादिया से कुल ?14,00,000/- (चौदह लाख रुपए) की राशि धोखाधड़ीपूर्वक ऋक्षतस् के माध्यम से अपने खातों में जमा करवा ली गई है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 130/25 धारा 351(2), 318 बी.एन.एस. का पंजीबद्ध




कर विवेचना में लिया गया। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकि साक्ष्यो के आधार 02 संदेही व्यक्तियों को मुंबई से पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूँछताछ की गई, प्रारंभिक पूछताछ में संदेहियों द्वारा अपराध स्वीकार किया गया । पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि टेलीग्राम के माध्यम से हम लोगो की दोस्ती थाईलैण्ड, कम्बोडिया में रहने वाले विदेशी लोगो से हुई थी । कुछ समय बाद थाईलैण्ड में रहने वाले एक टेलीग्राम यूजर द्वारा हम लोगो से टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क करके सिमबॉक्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा गया कि इस समय भारत में सिमबॉक्स के माध्यम से फ्रॉड कर लाभ लेने का बहुत अच्छा स्कोप है। हम लोग उक्त टेलीग्राम यूजर को बॉस नाम से जानते हैं । इसके बाद बॉस द्वारा कुरीयर के माध्यम से सिमबॉक्स हमारे पास भेजे गये। सिमबॉक्स के संबंध में बॉस से जानकारी लेकर हम लोगो ने मुबंई में किराये के फ्लैट में एक सेटअप तैयार किया । बॉस द्वारा एक ऐसा ही सेटअप थाईलैण्ड में होने की बात हम लोगो को बताई थी । उक्त प्रतिबंधित सिम बॉक्स के माध्यम से वॉयस कॉल को लोकल कॉल में कन्वर्ट करके हम लोग, भारत में रहने वाले लोगों को भ्रमित कर डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करते हैं।

बॉस के कहने पर हम लोगो कई बार एयरटेल कंपनी की सिमकार्ड भारत से लेकर थाईलैण्ड, कम्बोडिया बॉस को जा चुके है जो बॉस द्वारा एयरपोर्ट के पास ही अलग-अलग व्यक्तियों को सिम दिलवाई जाकर विदेशी करेन्सी में भुगतान किया जाता था। पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, 01 लाख 50 हजार रूपये नगद, विदेशी करेन्सी एवं दस्तावेज जप्त किये जाकर 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है ।

# एप के जरिए विद्युत चोरी की दर्ज कराएं शिकायत

**पन्ना।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर द्वारा व्ही मित्र एप विकसित किया गया है। यह एप जनता का, जनता के द्वारा, जनता के लिए ऑडिट के सिद्धांत पर कार्य करता है। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी वृत्त पन्ना के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि व्ही मित्र एप पर आम नागरिक स्वयं बिजली अनियमितता एवं मीटर में छे?छा?, अवैध विद्युत कनेक्शन, अवैध पावर एक्सटेंशन, एक ही स्थान पर एक से अधिक लोड का इस्तेमाल करने वाले विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायत कर सकेगें। शिकायत दर्ज करने के लिए आईव्हीआरएस एवं फोटो एप पर अपलोड करना होगी। अगर आईव्हीआरएस नम्बर उपलब्ध नहीं है, तो एप स्वचलित माध्यम से उपयोगकर्ता की लोकेशन स्वयं कैप्चर कर लेगा, जिससे टीम को विद्युत चोरी की जानकारी स्वत: ही प्राप्त हो जाएगी। शिकातकर्ता को शिकायत दर्ज करते समय अपनी बैंक संबंधी जानकारी भी एप पर दर्ज करना आवश्यक है। विद्युत टीम के द्वारा जांच करने पर अगर शिकायत सही पाई जाती है, तो शिकायतकर्ता को नकद ईनाम की अधिकतम 50 हजार रूपए तक की राशि एप पर लिंक बैंक खाता में हस्तातंरित कर दी जाएगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की ऑनलाइन नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में हुआ प्रशिक्षण

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार पन्ना जिले में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 13 एवं सहायिका के 328 पद पर भर्ती के लिए पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन नियुक्ति प्रक्रिया के माध्यम से चयन सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल के जरिए भर्ती हेतु आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना संजय कुमार नागवंशी की अध्यक्षता में गठित पन्ना विकासखण्ड चयन समिति सदस्यों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस अवसर पर समिति के सदस्यों को ऑनलाइन भर्ती के लिए आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण में जनपद पंचायत सीईओ आनंद शुक्ला एवं परियोजना अधिकारी अशोक कुमार विश्वकर्मा सहित सीएमओ पन्ना, देवेन्द्रनगर एवं ककरहटी तथा तीनों नगरीय निकायों के नामांकित पार्षद भी उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास परियोजना पन्ना ग्रामीण अंतर्गत कार्यकर्ता के 3 एवं सहायिका के 73 व पन्ना शहरी परियोजना के तहत केवल सहायिका के 5 पद रिक्त हैं। बताया गया कि रिक्त पदों की सूचना कलेक्टर कार्यालय सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, तहसील, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, परियोजना अधिकारी कार्यालय, नगरीय निकाय, संबंधित ग्राम पंचायत और आंगनबाड़ी केन्द्र के सूचना पटल पर भी चस्पा की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा कलेक्ट्रेट स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# महिला के साथ अभद्रता करने वाले सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र नायक निलंबित

**पन्ना।** देवेंद्र नगर थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र नायक को पुलिस अधीक्षक साइन कृष्ण थोटा द्वारा निलंबित कर दिया गया है ज्ञात होकि देवेंद्र नगर थाना पुलिस द्वारा सलेहा रोड पर चेकिंग लगाई गई थी इस दौरान सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र नायक ने महिला के साथ बाल पड़कर मारपीट कर दी जिसका वीडियो वायरल हुआ मामले को गंभीरता से लेते हुए



पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल कार्रवाई की है तथा उन्होंने कहा कि । मामले में दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी किसी भी स्तर पर अभद्रता बर्दाश्त नहीं होगी।

## अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**पन्ना।** भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए यह प्रमाण पत्र नवजात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाएगा। विशेषकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक जन्म होते हैं।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था एवं सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के संबंध में आवश्यक सुझाव प्राप्त कर ट्रैफिक संबंधी विभिन्न एजेंडा पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग के माध्यम से अभिमत अथवा सुझाव प्रेषित करने का निर्णय भी लिया गया। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात प्रभारी नीलम लक्षाकार द्वारा आवश्यक प्रस्तावों की जानकारी से अवगत कराया गया। जिला कलेक्टर ने गत वर्ष




में घटित सड़क दुर्घटनाओं के आधार पर जिले के 6 चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट पर गति सीमा बोर्ड व रम्बल स्ट्रिप लगवाने तथा रोड मार्किंग एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार प्राथमिकता से जरूरी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही वर्षाकाल में नगरीय क्षेत्रों की सड़कों एवं हाइवे किनारे के गौवंश को गौशालाओं में स्थानांतरित करने तथा आवश्यकतानुसार सींग पर रेडियम लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पन्ना-देवेन्द्रनगर सड़क मार्ग में साइड शोल्डर को सड़क के बराबर भरवाएं तथा विभिन्न रूट की यात्री बसों को बस स्टैण्ड आने व जाने के लिए भी निर्धारित मार्ग से आवागमन का पालन सुनिश्चित कराया जाए। ईई पीडब्ल्यूडी को सड़कों के अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में सड़क दुर्घटनों में घायल व्यक्तियों की जीवन रक्षा के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्तियों के लिए संचालित गुड सेमेरिटन योजना के स्थान पर राहवीर योजना प्रारंभ होने तथा घायल व्यक्तियों के अस्पताल में कैशलेस इलाज सुविधा योजना की जानकारी से भी अवगत कराया गया। कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के नि:शुल्क उपचार स्कीम के बारे में सभी अस्पताल संचालकों को अवगत कराया जाए।

## नामांकन की अंतिम तिथि को दो अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

**पन्ना।** नगर परिषद ककरहटी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में रिक्त पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 23 जून तक दो अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा कराए गए हैं। पार्षद का पद अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए आरक्षित है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी हीरालाल आदिवासी एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से राघेवेन्द्र गौड़ ने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नामांकन जमा कराया। 24 जून को प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी, जबकि 26 जून तक अभ्यर्थिता से नाम वापस लिए जा सकेंगे।

### पुलिस द्वारा किया गया अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा

# जादू-टोने के शक मे की गई व्यक्ति की हत्या, नाबालिक सहित चार आरोपियों को पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** घटना का संक्षिप्त विवरण:- दिनांक 01.06.25 को फरियादी अभिलाष शर्मा पिता संतोष शर्मा उम्र 25 साल निवासी चीमट ने थाना कोतवाली पन्ना में सूचना दी कि मेरे पिता संतोष शर्मा दिनांक 31.05.25 को रात्रि में करीब 07.30 बजे रोजाना के तरह दूध देने साईकिल से पन्ना गये थे । जो वापस लौटकर घर नही आये । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में गुम.इन्सान क्र.70/25 कायम किया जाकर जाँच मे लिया गया । मामले में दिनांक 04.06.25 को थाना किशनगढ जिला छतरपुर में सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम झरकुआ थाना किशनगढ जिला छतरपुर के पास खेत मे किसी अज्ञात व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा है जिसका सिर धड़ से अलग है । सूचना पर थाना किशनगढ में मर्ग कायम किया जाकर अज्ञात शव का पीएम करवाया गया । पी एम रिपोर्ट एवं घटना स्थल पर मिले भौतिक साक्ष्यो के आधार पर मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का अपराध किया जाकर विवेचना में लिया गया । अज्ञात शव की पहचान मृतक के परिजनो द्वारा संतोष उर्फ संतू शर्मा पिता मोतीलाल शर्मा उम्र 47 साल निवासी चीमट थाना कोतवाली पन्ना के रूप मे की गयी । मामले का घटना स्थल थाना कोतवाली पन्ना होने के थाना कोतवाली पन्ना में हत्या एवं साक्ष्य छिपाने का असल अपराध क्र. 514/25 धारा 103(1), 238 बी.एन.एस. कायम कर विवेचना मे लिया गया । पुलिस द्वारा की गई कार्यवाहीङ्क मामले में गठित पुलिस टीम द्वारा विवेचना दौरान घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया साथ ही मृतक के परिचितों एवं परिवारजनो से पूँछताछ की गई । मामले में पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम को जानकारी मिली कि घटना के बाद मृतक के गाँव का एक व्यक्ति परिवार सहित गायब है, इसी आधार पर पुलिस द्वारा मामले में चार संदेहियो को अभिरक्षा मे लिया जाकर पूछताछ की गयी ।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

# समापन सप्ताह में 30 जून तक होगा विशेष आयोजन

**पन्ना।** जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान का 30 जून को समापन होगा। उल्लेखनीय है कि अभियान 30 मार्च से पूरे प्रदेश में शासन और समाज के सहयोग से चलाया गया था। सभी जिलों में 24 से 30 जून तक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समापन के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

इस समापन सप्ताह का उद्देश्य अभियान की उपलब्धियों और इसके जरिए हुए कार्यों के लाभों को जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही नागरिकों से मिले सुझावों के आधार पर भविष्य की नीतियों में सुधार करना और जनप्रतिनिधियों, जलदूतों व स्थानीय नागरिकों को आगे की योजनाओं में सहभागी बनाना भी इसका अहम हिस्सा है। समापन सप्ताह के दौरान कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें अभियान के दौरान हुए कार्यों और जनसहभागिता पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जनप्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख लोगों के साथ क्षेत्र का दौरा कर किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी और उन्हें जनता को समर्पित किया जाएगा।

ग्राम पंचायत स्तर पर जनसंवाद का आयोजन होगा, जिसमें अभियान की उपलब्धियों, जनभागीदारी और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होगी। जल गंगा संवर्धन अभियान में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, सरपंचों और जलदूतों को सम्मानित किया जाएगा। बनाई गई जल संरचनाओं को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने की प्रक्रिया भी की जाएगी। वहीं, हर दिन की गतिविधियों की फोटो और वीडियो रिपोर्ट बनाकर विभिन्न मीडिया माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अभियान के समापन कार्यक्रमों में शामिल सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जिला कलेक्टर्स द्वारा 24 से 30 जून तक हर दिन की गतिविधियों की रूपरेखा तैयार कर उसे जनप्रतिनिधियों से साझा किया जाएगा, ताकि उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

# लंबित सीमांकन प्रकरणों का तेजी से करें निराकरण : कलेक्टर

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों एवं विभिन्न स्तर पर शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा कर समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कर प्रगति लाने की निर्देश दिए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शासन के प्राथमिकता वाले कार्यों एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं में जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का प्रतिदिन रिव्यू कर प्रभावी निराकरण सुनिश्चित हो। एल 1 स्तर पर शिकायतों को अनिवार्य रूप से अटेंड कर सटीक प्रतिवेदन दर्ज करने की कार्यवाही की जाए। लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत नागरिक सेवाओं के प्रदाय के दौरान



आवेदनों के निराकरण में समय सीमा बाह्य का विशेष ध्यान रखें। टीएल और जनसुनवाई पत्रों पर भी निर्धारित समयावधि में कार्यवाही पूर्ण की जाए।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि जिले में अधिक संख्या में लंबित सीमांकन प्रकरणों का अभियान मोड में निराकरण किया जाए। प्रत्येक दिवस पटवारियों को सीमांकन मामलों के निराकरण का लक्ष्य तय कर इसकी समीक्षा भी करें। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर चयनित विभागों की चिन्हांकित योजनाओं में भी अपेक्षित कार्यवाही कर जिले की रैंकिंग में निरंतर सुधार के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने इस सप्ताह जिला मुख्यालय स्थित समस्त विभागों में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के संबंध में अविलंब अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कर ऑनबोर्ड हो चुके विभागों द्वारा नवीन फाइल जनरेशन एवं फाइल मूवमेंट के निर्देश दिए। बैठक में सेवानिवृत्त हो चुके शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरण एवं आगामी 3 माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के भी पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में प्रेषित करने तथा समय सीमा में समस्याओं का परीक्षण कर निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले के 108 ग्रामों में आदिवासी समुदाय के प्रत्येक पात्र हितग्राही को शिविरों के माध्यम से चिन्हांकित कर महत्वाकांक्षी सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित शत प्रतिशत हितग्राहियों को हितलाभ के वितरण के लिए इस सप्ताह जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी शिविरों का निरीक्षण कर प्रगति की मॉनिटरिंग करें। जनपद पंचायत सीईओ द्वारा नवीन आधार कार्ड और अपडेशन सहित हर स्तर पर आवश्यक समन्वय का कार्य किया जाए। इस बात का ध्यान विशेष ध्यान रखा जाए कि आगामी 30 जून तक हितलाभ के लिए चिन्हांकित कोई भी व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों तक शिविर के संबंध में आवश्यक जानकारी पहुंचे और ड्यूटीरत लोक सेवकों द्वारा शिविर में समय पर उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया जाए।

इस क्रम में प्रत्येक विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी को अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने सहित टीबी बीमारी के परीक्षण और इसके सक्रिय मामलों की रोकथाम के लिए आवश्यक उपचार तथा सिकल सेल एनीमिया की जांच के लिए भी निर्देशित किया गया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, बुधवार 25 जून 2025




नगर निगम रीवा द्वारा शहर में गंदगी फैलाने वालों पर अब कड़ी निगरानी के साथ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। सार्वजनिक स्थलों पर खुले में कचरा फेंकने जैसे कृत्यों पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई की गई।



## जनसुनवाई में 119 आवेदकों ने अपनी समस्यायें सुनाई

### सुपिया के निवासियों ने आम रास्ता खोले जाने का दिया आवेदन



**रीवा।** कलेक्ट्रेट में प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज 119 आवेदकों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किये। सुपिया के निवासियों ने आम रास्ता खोले जाने का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही के लिये प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने राजस्व पेंशन, खाद्य, पशुपालन आदि विभागों की शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई में देवरा निवासी प्रेमवती, बरहठा निवासी आयोध्या प्रसाद पाल, रतहरा निवासी मुद्रिका प्रसाद गौतम तथा भनिगवां निवासी रमेश प्रसाद पाण्डेय के सीमांकन के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को प्रेषित कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार नंदीलाल निवासी कोष्ठा के सीमांकन की नकल दिलाने के आवेदन को एसडीएम रायपुर कर्चुलियान तथा शिवकुमार द्विवेदी सगरा निवासी के शासकीय नाले से अतिक्रमण हटाकर स्टाप डैम को खोले जाने के आवेदन को एसडीएम हुजूर को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पारसनाथ पटेल बांसी के खाता वटबारा करने तथा तमरादेश के रमेश प्रसाद पटेल के फर्जी नामांतरण पर रोक लगाने के आवेदन पर तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही करने के निर्देश जनसुनवाई में दिये गये।

जगन्नाथ पटेल उमरी निवासी ने पट्टे की जमीन में अवैध सड़क निर्माण पर रोक लगाने के आवेदन को एसडीएम मनगवां को, रामफल साहू निवासी शिवपुर्वा के पुस्तैनी भूमि से कब्जा हटाने के आवेदन को एसडीएम गुढ़ को, जगदीश कोल निवासी गोदरी नं. 4 के नहर मुआवजा भुगतान के आवेदन को भूअर्जन अधिकारी को, उदय प्रताप सिंह सुजवार निवासी के शासकीय हैण्डपंप से निजी सिंचाई कार्य को रोकने के आवेदन को कार्यपालन यंत्री पीएचई को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

## संभागीय आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव 27 जून को

**रीवा।** संभागीय आईटीआई रीवा में 27 जून को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे आरंभ होगा। इसमें निजी संस्था मेलॉन लेबोरेटरीज लिमिटेड पीथमपुर के लिए आईटीआई के वर्ष 2024 और 2025 के प्रशिक्षणार्थियों में से अप्रेंटिसशिप के चयन किया जाएगा। इस संबंध में प्राचार्य एसएन मिश्रा ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में फिटर, मशीनिस्ट, टर्नर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन तथा मोटर मैकेनिक व्हीकल ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों को अवसर दिया जाएगा। इसके लिए आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। अवसर का लाभ उठाने के लिए पात्र उम्मीदवार अपने शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड तथा अन्य अभिलेखों एवं पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ 27 जून को संभागीय आईटीआई में उपस्थित हो सकते हैं।

## अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर आश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

**रीवा।** जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है। अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फण्ड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी। इसके स्थान पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मानीटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे। बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है।

अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ित व्यक्ति तहसीलदार अथवा एसडीएम को निर्धारित प्रपत्र में सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता के बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल में उपचार कराने के बिल, घायल अथवा मृतक की पहचान तथा पता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके साथ-साथ पुलिस में दर्ज एफआईआर की प्रति, दावा करने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र, मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गंभीर चोट होने पर एमएलसी रिपोर्ट देना आवश्यक होगा।

इसका आवेदन करने पर संबंधित जाँच दावा अधिकारी तहसीलदार अथवा एसडीएम 30 दिवस में अपनी जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर इस रिपोर्ट पर 15 दिवस में आवश्यक कार्यवाही कर पीड़ित को सहायता राशि का भुगतान कराएंगे तथा परिवहन आयुक्त को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

## कमिश्नर कार्यालय में टीएल बैठक 26 जून को

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में 26 जून को दोपहर 2 बजे से टीएल बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ई-आफिस, पेंशन प्रकरण, सीएम हेल्पलाइन, एटीआर तथा जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करेंगे। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये गये।

## कमिश्नर ने जिला शिक्षा अधिकारी और योजना अधिकारी शिक्षा को किया निलंबित

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने शिक्षा विभाग के दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। कमिश्नर ने जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता और योजना अधिकारी शिक्षा (उच्च पद प्रभार प्राचार्य हाईस्कूल) अखिलेश मिश्रा को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति के 37 प्रकरणों की जाँच कराए जाने पर पाँच प्रकरणों में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने पर यह कार्यवाही की गई है। इस संबंध में कलेक्टर रीवा द्वारा दिए गए प्रस्ताव के आधार पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत निलंबन की कार्यवाही की गई है। अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया। नोटिस का संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में श्री गुप्ता तथा श्री मिश्रा का मुख्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण कार्यालय रीवा निर्धारित किया गया है। दोनों अधिकारियों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

## वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह

**रीवा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि जिले में प्री मानसून वर्षा शुरू हो गई है। शीघ्र ही वर्षाकाल शुरू हो जाएगा। वर्षाकाल में दूषित जल के सेवन से टाइफाइड, पीलिया, डायरिया, पेचिस एवं हैजा जैसी बीमारियां फैलती हैं। अत: भोजन बनाने एवं पेयजल के उपयोग में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें। कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोयें। शुद्ध पेयजल की कमी के कारण देश में जलजनित रोगों से सबसे अधिक यानि लगभग 80 प्रतिशत मौतें होती हैं। पानी और अस्वच्छ आदतों से फैलने वाली बीमारियों में मोटे तौर पर दस्त, कृमि संक्रमण, त्वचा और आंखों के रोग, मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित हैं। बच्चों में दूषित पानी और खाद्य पदार्थों के कारण उल्टी-दस्त का प्रकोप अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है। सड़े-गले फल एवं खाद्य पदार्थो का उपयोग न करें। खुले में शौच न करें एवं शौचालय का उपयोग करें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, दस्त लग जाने पर ओ.आर.एस. एवं जिंक सल्फेट गोली का उपयोग चिकित्सक की सलाह अनुसार करें। खाने-पीने की वस्तुओं को ढंककर रखें, मक्खियों से बचाव करें। हरी सब्जी एवं फलों को साफ पानी से धोकर ही उपयोग करें। मानसून के दौरान बहुत से लोगों को आंखो के रोग हो जाते हैं। इस रोग को आई-फ्लू, कंजक्टिवाईटिस या आखें आना के रूप में जाना जाता है। इस रोग से बचाव के लिए बार-बार अपने हाथ एवं चेहरे को ठंडे पानी से धोयें, परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग तौलिये एवं रूमाल का उपयोग करें, स्वच्छ पानी का उपयोग करें, बार-बार आंखों को हाथ न लगायें, धूप के चश्मे का प्रयोग करें, चिकित्सक को दिखायें। बरसात में मलेरिया और डेगू रोग भी फैलता है जिसमें मरीज को ठण्ड लगकर बुखार आता है। प्राय: खेत, तालाब, गड्ढे, खाई, घर के आसपास रखे हुए टूटे-फूटे डब्बे, पुराने टायर, पशु के पानी पीने का नाद इत्यादि में बरसात के दिनो में जल जमा हो जाता है। जिसमें मच्छर के लार्वा पैदा होते हैं जो बाद में मच्छर बनकर रोग फैलाते हैं। मलेरिया से बचाव हेतु घर के आसपास जल जमा न होने दें, रूके हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ ऑईल डालें। कूलर, फूलदान, फ्रिज ट्रे आदि को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें।

## शहरी परियोजना में होगी रिक्त पदों पर भर्ती

**रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की रीवा शहरी परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के एक पद तथा आंगनवाड़ी सहायिका के 10 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में परियोजना अधिकारी ने बताया कि रिक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन सात जुलाई तक एमपी ऑनलाइन के पोर्टल चयन डॉट एमपी ऑनलाइन डॉट जीओभी डॉट इन में सात जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। आवेदन केवल ऑनलाइन ही मान्य होंगे। आवेदन पत्र के साथ अन्य दस्तावेज स्कैन करके आवेदन के साथ अपलोड करने होंगे। रीवा शहरी क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 29 में आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक दो में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिका की भर्ती की जा रही है। वार्ड क्रमांक 42 में आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक दो एवं चार, वार्ड क्रमांक 29 में आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक दो और पाँच, वार्ड क्रमांक 38 में आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक एक, वार्ड क्रमांक 16 में आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक क्रमांक एक, वार्ड क्रमांक छ: में आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक एक में, वार्ड क्रमांक 44 में आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक तीन, वार्ड क्रमांक 13 में आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक दो में आंगनवाड़ी सहायिका के पदों पर भर्ती की जा रही है। इनके लिए उसी वार्ड की निवासी पात्र महिला आवेदन कर सकती हैं जहाँ भर्ती की जानी है।

## जिला और विकासखण्ड स्तर पर श्रेष्ठ किसानों को मिलेगा पुरस्कार

**रीवा।** कृषि विभाग के तहत संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा परियोजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वाले किसानों को जिला स्तर पर एक और विकासखण्ड स्तर पर पाँच पुरस्कार दिए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक यूपी बागरी ने बताया कि कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्राकृतिक खेती के लिए नवाचार करने वाले तथा अच्छे प्रयास करने वाले किसानों को पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक विवरण के साथ आवेदन 15 अगस्त तक उप संचालक कृषि कार्यालय में दर्ज करना आवश्यक है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। पुरस्कारों का चयन शासन द्वारा निर्धारित समिति द्वारा आवेदन पत्रों का मूल्यांकन करने के बाद किया जाएगा। उप संचालक ने जिले के श्रेष्ठ करने वाले उन्नतशील किसानों से पुरस्कार के लिए आवेदन करने का अनुरोध किया है।

## मछली मारने पर 15 अगस्त तक रहेगा प्रतिबंध

**रीवा।** वर्षाकाल का आरंभ मछलियों का प्रजनन काल होता है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी जलाशयों में 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक मछली मारने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। इस अवधि में मछली का शिकार, विनिमय तथा परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश मध्यप्रदेश नवीन मत्स्योद्योग नियम 1972 के तहत जारी किया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर एक वर्ष के कारावास अथवा पांच हजार रुपए के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। प्रतिबंध की अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट न करे। यह प्रतिबंध छोटे तालाब अथवा अन्य ऐसे जल स्त्रोत पर लागू नहीं होगा जिसका संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का 30 जून को होगा समापन

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिलों में 30 मार्च से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान का 30 जून को समारोह पूर्वक समापन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभियान का समारोह पूर्वक समापन करें। प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सम्मेलन आयोजित कर जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों की जानकारी दें। समापन समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री, सांसदगण, विधायकगण, पंचायत पदाधिकारियों, नगरीय निकाय के पदाधिकारियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी रहेगी। समापन समारोह में सराहनीय योगदान देने वाले जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, अधिकारियों तथा आमजनों को सम्मानित करें। अभियान के दौरान बनाई गई जल संरचनाओं को खसरे में दर्ज कराएं। अभियान के समापन के लिए पूरी तैयारी के साथ कार्यक्रम आयोजित करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों की रिपोर्ट अच्छे फोटोग्राफ और वीडियो के साथ तीन जुलाई तक जिला पंचायत कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इसमें समापन समारोह के फोटो और वीडियो के विवरण भी शामिल करें।

## नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 जून को

**रीवा।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जनसहभागिता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 जून को आयोजित किया गया है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधितों को उपस्थिति के निर्देश दिये हैं। प्रशिक्षण में संभागान्तर्गत जिलों के कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत तथा अन्य अधिकारी भाग लेंगे।

## आशा कार्यकर्ता को आयुष्मान कार्ड बनाने पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**रीवा।** आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके माध्यम से एक व्यक्ति को वर्ष भर में चुने हुए सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों से पाँच लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा मिलती है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आशा कार्यकर्ता को एक आयुष्मान कार्ड बनाने पर 5 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए आवंटन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के खातों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

## कवि वेधड़क को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**रीवा।** बघेलखण्ड सांस्कृतिक महोत्सव समिति के तत्वावधान में स्वागत भवन के महाराजा रघुराज सिंह ऐतिहासिक सभा कक्ष में कवि श्री देवेन्द्र पाण्डेय 'वेधड़क' को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये गये। सर्वप्रथम पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान में देवतालाव क्षेत्र के विधायक श्री गिरीश गौतम ने दिवंगत कवि के चित्र में पुष्पहार पहनाया और कहा वेधड़क जी का और हमारा चालीस वर्षों का साथ रहा वे मेरे साथ कई यात्रायें किये थे, उसी समय उन्होने पूर्वोत्तर की यात्रा में ''मैने देखी कंचन जंघा'' नामक गीत लिखा।

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलगुरु डॉ.एन.पी.पाठक ने कहा कि उनके शब्दों में भाव मूर्तिमान होते थे, उनका श्रृजन लोक ग्राह्य था। सदियों तक उनके गीत लोग गुन गुनायेंगें। विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ.दिनेश कुशवाह ने कहा कि एक दिन जाना तो सबको है चाहे वह राजा हो अथवा रंक लेकिन वेधड़क जी जैसे स्वस्थ व्यक्ति का अचानक चला जाना हतप्रभ करता है। उनके जाने से बघेली बोली की बड़ी क्षति हुई है। आलोचक डॉ.चन्द्रिका प्रसाद चन्द्र ने कहा कि श्री देवेन्द्र पाण्डेय वेधड़क एक मात्र ऐसे कवि थे जिनकी रीवा के सभी नेताओं से अत्यधिक निकटता थी। रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डा.प्रभाकर चतुर्वेदी ने कहा कि हमारा उनका बचपन से साथ रहा, हम दोनों एक स्कूल में पढ़े। उस दरम्यान मेरी माँ रोटी बनाती थी और हम दोनो खाते थे। वचपन के साथी से विछोह पीड़ा दायक है। उच्च शिक्षा में संचालक रहे श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हमने उन्हे जबसे देखा जाना हम उनकी कविताओं के मुरीद हो गये। संचालन कर रहे रामनरेश तिवारी निष्ठुर ने कहा हमसे वे उम्र में बड़े थे लेकिन पड़ोसी गांव के होने के कारण हम उनसे दो-दो हांथ कर लेते थे। फिर दोनो साथ-साथ मंच साझा करते। संस्था के अध्यक्ष श्री जगजीवनलाल तिवारी ने गुलाब की पंखुड़ियां उनके चित्र पर अर्पित कर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। श्रीमती रश्मि शुक्ला ने बताया कि कुछ दिन पहले ही वे मेरे पास आये थे और अपनी आने वाली कविताओं की भूमिका लिखाना चाह रहे थे। डॉ.रामसरोज द्विवेदी ने उनकी कई कवितायें दोहराते हुये उन्हे श्रद्धांजलि दिया।

जो कुछ हुआ शहर मे मेरे सचमुच बुरा हुआ, चतुर सियारों की बन आई बोले हुआ हुआ।

श्री कमल किशोर मिश्र ने उनकी इस प्रसिद्ध कविता की दो पंक्तियों से भावांजलि दी।

चप्पा-चप्पा भूमि जहां की गर्वीली घाटी है, वेदों में वर्णित यह अपनी विंध्यांचल की माटी है।

श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले अन्य साहित्यकारों में डॉ.आरती तिवारी, दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी, अमित द्विवेदी, सत्येन्द्र सेंगर, विन्ध्य कोकिल गिरिजा शंकर गिरीश, भृगुनाथ पाण्डेय भ्रमर, रोहित पाठक के साथ वृद्धाश्रम के कर्मचारी एवं वुजुर्ग उपस्थित रहे।

## नवीन जल संरचनाओं में होगा मछलीपालन

**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले भर में पुराने जल स्त्रोतों में सुधार के साथ नवीन जल संरचनाओं का निर्माण किया गया है। नवीन जल संरचनाओं में परंपरागत मछली पालकों तथा स्वसहायता समूहों को मछलीपालन का अवसर दिया जा रहा है। उप संचालक मछलीपालन डॉ अंजना सिंह ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से अनुरोध करते हुए कहा है जल गंगा संवर्धन अभियान में निर्मित तालाबों तथा उसमें मछलीपालन के लिए इच्छुक हितग्राहियों की सूची सहायक संचालक मछलीपालन कार्यालय को उपलब्ध कराएं जिससे मछलीपालकों को प्रशिक्षण देकर मछलीपालन का अवसर दिया जा सके।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833